संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 271 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल चर्चा करते हुए।

फास्ट न्यूज

तमिलनाडु: पटाखा फैक्ट्री में आग, नौ मौत

अरियालुर: तमिलनाडु के पीटीआई जिले में सोमवार (9 अक्टूबर) को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बयान जारी करके नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही सीएम ने मृतक के परिवारों के लिए नकद राहत की घोषणा की। यह घटना अरियालुर जिले के विरागलुर गांव में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हुई, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि पांच घायल लोगों को तंजावुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्हें विशेष चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

सिक्किम जल प्रलय: मरने वालों की संख्या 34 हुई

गंगटोक: सिक्किम के ल्होनक ग्लेशियर में 3 अक्टूबर को बादल फट गया। अचानक बादल फटने के कारण झील का एक किनारा टूट गया, जिससे तीस्ता में जल स्तर बढ़ गया और राज्य के कई इलाके जलमग्न हो गए। देखते ही देखते यह प्राकृतिक संकट आपदा का रूप ले लिया। सिक्किम के इस जल प्रलय में कई लोगों की जान गई है कई लोग अब भी लापता चल रहे हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) की 9 अक्टूबर की सुबह 10:00 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों की संख्या 34 दर्ज की गई थी।

पांच राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

= 60 लाख मतदाता पहली बार करेंगे वोट, चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
निर्वाचन आयोग ने सोमवार दोपहर 12 बजे एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पांच राज्यों में होने वाले चुनावों का एलान कर दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों के बारे में विस्तार से बताया। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे।

कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे: मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।

60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे: खास बात यह भी है कि 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लीकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें: पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है। 2018 में पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान छह अक्तूबर को हुआ था। छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में कराए गए थे। वहीं मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में वोटिंग हुई थी। पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ 11 दिसंबर को आए थे।

मध्यप्रदेश- राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुआ था। इस चुनाव के लिए कुल 2,899 उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव आयोग के मुताबिक, प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 12 प्रत्याशी थे। राज्य में मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 3,78,54,811 थी। इनमें से 1,99,94,060 पुरुष, 178,60,401 महिलाएं और 350 थर्ड जेंडर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 75.84%, महिलाओं के लिए 74.01% और कुल मतदान 74.97% रहा।

राजस्थान का रण

राजस्थान- राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को संपन्न हुआ था। इस चुनाव के लिए कुल 2,294 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 3,53,90,876 थी। इनमें से 1,83,44,351 पुरुष, 1,70,46,450 महिलाएं और 75 थर्ड जेंडर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 73.49%, महिलाओं के लिए 74.67% और कुल मतदान 74.06 % रहा। राज्य में चुनाव नतीजे 11 दिसंबर 2018 को घोषित किए गए थे। अलवर की रामगढ़ सीट छोड़कर बाकी 199 सीटों पर मतदान हुआ। रामगढ़ सीट पर बसपा के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह के निधन के कारण चुनाव स्थगित हो गया था। इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी देते हुए 99 सीटें जीतीं। इसके साथ ही प्रदेश में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज कायम रहा। भाजपा को 73, मायावती की पार्टी बसपा को छह तो अन्य को 20 सीटें मिलीं। कांग्रेस को बहुमत के लिए 101 विधायकों की जरूरत थी। कांग्रेस ने निर्दलियों और अन्य की मदद से जरूरी आंकड़ा जुटा लिया। इसके साथ ही राज्य की सत्ता में वापसी की और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने। अब 2023 राजस्थान विधानसभा की बात करें तो इसको लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं।

जनता की बारी

8 कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे

भारत-तंजानिया ने किया रणनीतिक साझेदारी का एलान

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में आज पीएम मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देश अपने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने के लिए सहमत हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दोनों नेताओं ने इसका एलान किया और रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पांच साल के रोडमैप पर सहमति जताई। शीर्ष नेताओं की बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और वाणिज्यिक असैन्य व्यापारी जहाजों की गतिविधि की पहचान करने और

पूर्व सूचना साझा करने संबंधी छह समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और तंजानिया व्यापार में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों देशों में स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ाने पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत और तंजानिया के संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन हैं क्योंकि हम अपनी सदियों पुरानी दोस्ती को रणनीतिक भागीदारी में बदल रहे हैं।

द्विपक्षीय वार्ता

8 दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पांच साल के रोडमैप पर सहमति जताई

हिंद महासागर क्षेत्र में अहम तंजानिया: रक्षा के क्षेत्र में हम पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। जिसके तहत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री क्षेत्र की निगरानी और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

क्लाउडिया गोल्डिन को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल

टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 2023 का एलान कर दिया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में 2023 के स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार क्लाउडिया गोल्डिन को देने का फैसला लिया गया है। उन्हें महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत या विकसित करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण मुहैया कराने का काम किया है।

कावेरी जल विवाद: जल छोड़ने का प्रस्ताव पेश किया

टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज विधानसभा में राज्य सरकार की ओर से कर्नाटक सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों के अनुसार कावेरी जल छोड़ने का निर्देश देने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने इस प्रस्ताव को पेश करते हुए कहा, 'कावेरी डेल्टा के किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए, जो तमिलनाडु की कृषि का आधार हैं। इस अगस्त सदन ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से

आग्रह किया कि वह कर्नाटक सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के निदेर्शों के अनुसार तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने का निर्देश दे।' कर्नाटक सरकार ने अपने कुछ क्षेत्रों में सूखे का हवाला देते हुए तमिलनाडु को पानी की आपूर्ति से इनकार कर दिया था।

सीएम ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

'इन लोगों से सीख कर जा रहा हूं...:सीएम अरविंद केजरीवाल

प्रेरणास्त्रोत

अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगों को स्टेट अवार्ड से किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल
मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिव्यांगता के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में काम करके शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को स्टेट अवार्ड से सोमवार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 11 दिव्यांगजनों के अलावा 4 ओलंपिक खिलाड़ियों को भी स्टेट अवार्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ. अंबेडकर अस्पताल और गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका के विमोचन के साथ-साथ पेंशनरों की सुविधा के लिए धरोहर मोबाइल एप भी लांच किया। सिविल लाइंस स्थिति शाह ऑडिटोरियम में आयोजित दिव्यांगजनों के लिए स्टेट अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने अपनी दिव्यांगता को ताकत में बदला और शारीरिक रूप से सक्षम लोगों को भी पीछे छोड़ दिया। इन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ विशेष उपलब्धि हासिल की है और आगे भी देश के लिए कुछ करने की भूख है। हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इन्होंने ये साबित किया कि जो जैसा है, उसे वैसे ही स्वीकार करना चाहिए और रोने की बजाय देश के लिए कुछ करके दिखाना चाहिए। समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि इस दौर में दो व्यवस्थाएं काम कर रही हैं। एक सरकारी और दूसरा प्राइवेट सिस्टम है। एक गहरी साजिश के तहत सरकारी सिस्टम को कमजोर और प्राइवेट सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है, ताकि अमीर-गरीब के बीच का फर्क बना रहे। अमीर और अमीर होता जाए और गरीब और गरीब होता जाए। चंद अमीरों को फायदा पहुंचाया जा रहा है और गरीबों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, परिवहन और बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा पर लोगों के इतने पैसे खर्च हो जाएं कि उनके पास सेविंग के नाम पर कुछ भी न बचे।

पराली का समाधान करने में खट्टर सरकार विफल: आम आदमी पार्टी

साधा निशाना

चाहे दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई ट्री प्लांटेशन पॉलिसी हो, जिसके तहत हम इस साल 53 लाख पौधे लगाएंगे

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि दिल्ली में एक पढ़ी-लिखी और एक ईमानदार सरकार है। जो लगातार जनता के हित में काम करती आई है। पर्यावरण को लेकर सिर्फ दिल्ली सरकार ही लगातार सक्रिय दिखती है। उन्होंने कहा कि चाहे दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई ट्री प्लांटेशन पॉलिसी हो, जिसके तहत हम इस साल 53 लाख पौधे लगाएंगे और 43 लाख पहले ही लगाया जा चुके हैं। चाहे इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बात हो, हमारी ईवी पॉलिसी के तहत दिल्ली में करीब 16.8 प्राइवेट व्हीकल इलेक्ट्रिक हैं। लगातार प्रयासों की वजह से हमारी ईवी पॉलिसी के लिए हमें स्टेट लीडरशिप अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज सभी इंडस्ट्रीज के लिए पीएनजी का इस्तेमाल करना अनिवार्य है। 24 घंटे बिजली देने के बाद से दिल्ली में इनवर्टर और जनरेटर की जरूरत खत्म हो गई। जिससे दिल्ली में प्रदूषण में काफी कमी आई है। दिल्ली में दो थर्मल प्लांट थे, सरकार उन्हें बंद करा चुकी है। पिछले कुछ सालों से दिल्ली में ग्रेड एक्शन प्लान, समर एक्शन प्लान और विंटर एक्शन प्लान चलता है। जबसे आम आदमी पार्टी सरकार एमसीडी में भी आई है, तब से हम लोग निर्माण से उत्पन्न होने वाले मलबे और धूल मिट्टी को भी लगातार टारगेट कर रहे हैं।
दिल्ली सीएम केजरीवाल ने बुराड़ी में देश का सबसे ज्यादा क्षमता वाला कंस्ट्रक्शन वेस्ट प्लांट का उद्घाटन किया है। यहां पर मलबा रिसाइकल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल में पार्लियामेंट में इकोनामिक सर्वे 2022-2023 की एक रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें बताया गया कि 2016 से लेकर 2021 तक पीएम 2.5 में 22 की कमी आई है और पीएम 10 में 27 की कमी आई है। 2022 में दिल्ली की हवा में 8 सुधार हुआ था और 2023 में यह सुधार करीब 31 हो गया है। इसी वर्ष मिनिस्ट्री आफ एनवायरमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज ने एक रिपोर्ट छापी, जिसमें कहा गया कि बीते 8 वर्षों में, जिसमें कोविड पीरियड को शामिल नहीं किया गया, 2023 में दिल्ली की हवा सबसे साफ रही। हालांकि हम इस सुधार से अभी भी खुश नहीं हैं, हमें और सुधार करना है।

55 वर्षीय शख्स ने नाबालिग से की छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

केस दर्ज

साउथ एक्सटेंशन से एक व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न की सूचना मिली थी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
साउथ एक्सटेंशन में एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि साउथ एक्सटेंशन से एक व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम को मौके पर रवाना किया गया, जहां टीम को कॉल करने वाला व्यक्ति, पीड़िता और आरोपित मौजूद था।
गलत तरीके से छूने का है आरोप: शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 55 वर्षीय सुंदर लाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोपी पर गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया है। पीड़िता को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के एक परामर्शदाता द्वारा परामर्श भी प्रदान किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने काउंसलर और अपने माता-पिता की मौजूदगी में पुलिस को शिकायत सौंपी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मनोरोग के उपचार के लिए बने कानून, जुटे विशेषज्ञ

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
देश में तेजी से बढ़ रहे मनोरोग के उपचार के लिए उपयुक्त कानून बनाने की आवश्यकता है। इसे लेकर सांसद और मनोरोग विशेषज्ञ एक मंच पर आए। इस दौरान संसदीय कार्य उप समिति के सदस्यों ने भी मनोरोग पर अपनी बात रखी। इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी की इस बैठक में मनोरोग विशेषज्ञों ने बताया कि देश में हर सातवां व्यक्ति मनोरोग से पीड़ित है और 20 साल बाद यह आंकड़ा दोगुना हो जाएगा। ऐसे में इसके उपचार के लिए रणनीति बनाकर काम करना होगा। साथ ही बेहतर कानून की जरूरत होगी। बैठक के दौरान एम्स के मनोरोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. नंद कुमार ने कहा कि देश में मनोरोग के डॉक्टरों व सुविधाओं में सुधार हुआ है, लेकिन रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसकी रोकथाम के लिए बड़े स्तर पर नीति बनानी होगी। वहीं सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कहा कि चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर बहस हुई। जल्द ही देशभर से सुझाव लेकर केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। साथ ही मांग की जाएगी कि देश में स्वास्थ्य बजट में कुछ इजाफा कर मनोरोग के तरफ विशेष ध्यान दिया जाए।

मनोरोग विशेषज्ञों के सुझाव पर बनाई गई है कमेटी

चर्चा में बताया गया कि मनोरोग विशेषज्ञों के सुझाव पर केंद्र सरकार ने एक कमेटी बनाई हैं। जो मनोरोग की स्थिति को देख रहे हैं। इस कमेटी को हर क्षेत्र में मनोरोग को रोकने के लिए काम करना है। वहीं देश में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉक्टरों ने कहा कि इसके लिए नॉन अटेंडिंग स्कूल बड़ा कारण है। यह बच्चों के निराश मन को प्रोत्साहन देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। इस तरह के स्कूलों में दाखिला लेकर बच्चे बड़े-बड़े कोचिंग सेंटरों में दाखिला तो ले लेते हैं।

कानून में सुधार की जरूरत: चर्चा के दौरान मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 को लेकर चर्चा हुई। साथ ही इसमें सुधार की मांग की गई।
मनोरोग विशेषज्ञों ने कहा कि इसमें ऐसे कई प्रावधान किए गए हैं जो मरीजों के उपचार में बाधा बनते हैं। इसमें कहा गया है कि यदि कोई मनोरोगी है तो उसके उपचार के लिए पहले बोर्ड के पास जाना होगा। परिवार का उसमें महत्व कम कर दिया गया है, जबकि परिवार ही सबसे पास होता है। इसके अलावा कई और प्रावधान है।

जेएनयू फलस्तीन के समर्थन में उतरा, पोस्टर लगाएं

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
इस्राइल और फलस्तीन के बीच चल रही जंग पर दोनों के कई देश समर्थन में हैं और कई देशों ने समर्थन नहीं किया है। जहां भारत इस्राइल के साथ तो वहीं देश के अंदर से कई छात्र संगठन फलस्तीन के समर्थन में नजर आ रहे हैं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बाद इस्राइल और हमास की जंग के बीच आइसा ने फलस्तीन को आजाद करने की मांग उठाई। साथ ही निर्दोषों की हत्या रोकने का आह्वान भी किया। बता दें कि जेएनयू कैंपस में आइसा ने फलस्तीन के समर्थन में पोस्टर भी लगाए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्रों ने फलस्तीन के समर्थन में अल्लाहू अकबर के नारे लगाए। छात्रों ने पैदल मार्च निकाला।

प्रबीर-अमित की गिरफ्तारी को चुनौती, फैसला सुरक्षित

जिरह

पुरकायस्थ और दूसरे आरोपितों पर लगे आरोपों पर कहा कि उन्हें चीन से कोई धन नहीं मिला है

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस तुषार राव गडेला ने न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान प्रबीर पुरकायस्थ की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया। उन्होंने पुरकायस्थ और दूसरे आरोपितों पर लगे आरोपों पर कहा कि उन्हें चीन से कोई धन नहीं मिला है। पुरकायस्थ की याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गिरफ्तारी का आधार बताया गया था। मेहता ने कहा कि आरोप है कि आरोपितों ने चीन से 75 करोड़ रुपये हासिल किए। इसके बदले आरोपितों ने देश की एकता और स्थिरता को तबाह करने की कोशिश की। मेहता ने कहा कि आरोप काफी गंभीर हैं। मेहता की दलीलों का जवाब देते हुए सिब्बल ने कहा कि गिरफ्तारी का आधार और वजह में फर्क होता है। जो वजह बताई गई है वो भी दूसरी है। पुरकायस्थ की ओर से पेश वकील दायन कृष्णन ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) का उल्लंघन किया गया है, क्योंकि आरोपितों को न तो गिरफ्तारी का आधार बताया गया और न ही उन्हें हिरासत का आदेश हासिल करते समय वकील रखने दिया गया। दायन कृष्णन ने हाल के सुप्रीम कोर्ट के पंकज बंसल बनाम केंद्र सरकार के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गिरफ्तार करते समय गिरफ्तारी का लिखित आधार बताना होगा। प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स में खबर छपी थी कि न्यूज क्लिक को चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ाने के लिए अमेरिकी मिलियनेर नेविली रॉय सिंघम से पैसे मिले हैं।

गतका चैंपियनशिप 11-12 से शुरू होगी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
देश की सबसे पुरानी पंजीकृत गतका संस्था नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गतका एसोसिएशन दिल्ली और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से आयोजित 11वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 11 से 12 अक्टूबर 2023 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। यहां नेशनल गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल और गतका एसोसिएशन दिल्ली के चेयरमैन सरबजीत सिंह विरक, जो दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के कार्यकारी सदस्य भी हैं, ने इन प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 18 विभिन्न राज्यों के लगभग 900 प्रतिभाशाली युवा लड़के और लड़कियां जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों के तहत विभिन्न आयु समूहों जैसे अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19, अंडर-22 और अंडर -25 प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। आज ग्रेवाल और विरक ने आयोजन की तैयारी के लिए व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार विभिन्न समितियों के साथ बैठकें कीं। सभी एथलीटों के लिए लंगर और आवास सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय किए गए हैं, जिसमें पुरुष और महिला एथलीटों के लिए अलग-अलग आवास के साथ-साथ मुफ्त लंगर का प्रावधान भी शामिल है।

डीटीसी बस ने दो ई-रिक्शा को मारी टक्कर, हादसे में एक की मौत

दर्दनाक

डीटीसी की एक बस बेकाबू होकर दो ई-रिक्शा और सड़क किनारे खड़ी फल की रेहड़ियों से टकरा गई

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार थाना क्षेत्र में कोंडली पुल के पास रात करीब सवा नौ बजे डीटीसी की एक बस बेकाबू होकर दो ई- रिक्शा और सड़क किनारे खड़ी फल की रेहड़ियों से टकरा गई। इस दुर्घटना में उप्र के घड़ेवारा निवासी आनंद माधव (36) की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी अली (4 महीने), समीर (28) और आसिफ (27) के रूप में हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घायल एक शख्स ने बताया कि वह बेटे और रिक्शा चालक दोस्त आसिफ के साथ कोंडली पुल के पास फल खरीदने गए थे।

गुटखा थूकने से मना करने पर युवक का होंठ काटकर अलग किया, आरोपी फरार

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
वसंत कुंज नॉर्थ इलाके में गुटखा थूकने से मना करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपी युवक ने पीड़ित के चेहरे पर पहले मुक्का मारा, जिससे उनके दांत टूट गए। उसके बाद पीड़ित के होंठ को दांत से चबा लिया। इससे उनका होंठ कटकर अलग हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित किसी तरह अस्पताल पहुंचे। जहां से पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। घायल की पहचान ओम प्रकाश (54) के रूप में हुई है।
मूलतः बिहार के रहने वाले ओम प्रकाश परिवार के साथ महिपालपुर में किराए के मकान में रह रहे हैं। परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। वह मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) में चौकीदारी का काम करते हैं। ओम प्रकाश ने बताया कि वह जिस मकान में रहते हैं उसके केयर टेकर भी हैं। उनके पड़ोस में एक ऑटो चालक रहता है। उसे गुटखा खाने की आदत है। वह उनकी छत पर आकर गुटखा खाता है और इधर उधर थूकता है। वह उसे कई बार मना कर चुके हैं, लेकिन उसने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। उन्होंने बताया कि उसकी दूसरी पत्नी उनके मकान में किराये पर रहती है।

ठगी का पैंतरा

देशभर से एआई से ठगी के मामले सामने आने लगे हैं, अधिकारियों की मुताबिक फिलहाल यहां अब तक एआई से ठगी के पांच ही मामले सामने आए

एआई बना साइबर ठगों का नया हथियार, जालसाजी के लिए हो रही है चेहरे और आवाज की नकल

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
तकनीक के विकास के साथ जहां हमारी सुविधाएं बढ़ी हैं, वहीं धोखाधड़ी करने वालों के लिए भी नए-नए रास्ते खुल रहे हैं। इस कड़ी में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) साइबर ठगों का नया हथियार बन गया है। देशभर से एआई से ठगी के मामले सामने आने लगे हैं। अधिकारियों की मुताबिक फिलहाल यहां अब तक एआई से ठगी के पांच ही मामले सामने आए हैं। एआई से ठगी के दौरान साइबर ठग विशेष तरह के सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन (डीपफेक व अन्य) की मदद से आवाज और चेहरे की कॉपी कर लेते हैं। बाद में रिश्तेदारों व करीबियों से इमरजेंसी होने की बात कर रुपये मांग जाते हैं। सब कुछ इतना असली होता है कि कोई भी आसानी से इनके जाल में फंस जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सतर्कता से इस तरह की जालसाजी से बचा जा सकता है। आंख मूंदकर किसी को भी पैसे ट्रांसफर नहीं करना चाहिए। कॉल कर मदद मांगने वाले को क्रॉस चेक करने के बाद ही रुपये ट्रांसफर करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई की मदद से ठगी करने वाले साइबर ठग आपके दोस्त, रिश्तेदार या करीबियों के नंबर का प्रयोग कॉल करते समय नहीं कर सकते हैं। ऐसे में जब भी आपके पास किसी अनजान नंबर से करीबी का कॉल आए तो सतर्क हो जाएं। कॉलर से पुराने नंबर से कॉल करने के लिए कहें।

बचाव के लिए क्या करें...

- इस तरह की कॉल को क्रॉस चेक करें, बिना जांच-पड़ताल के किसी को पैसा न भेजें।
- इस तरह के मामलों में आरोपी रिश्तेदार या करीबी के नंबर से कभी कॉल नहीं करेगा, यदि ऐसा हो तो सावधान हो जाएं।
- किसी अनजान मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड या बैंक खाते में रकम बिल्कुल भी न भेजें।
- ठगी का शिकार हो जाए तो 1930 पर कॉल कर शिकायत दें या शिकायत करें।
- अपने नजदीकी साइबर थाने जाकर भी शिकायत की जा सकती है।

- **ऐसे की जाती है एआई से ठगी**
गूगल प्ले स्टोर के अलावा डार्क वेब पर कुछ ऐसे टूल्स मौजूद हैं, जिनकी मदद से आसानी से साइबर ठग धोखाधड़ी कर लेते हैं। वायस क्लोनिंग एप, डीपफेक या दूसरे एप की मदद से आवाज और फोटो को बदल दिया जाता है। पहले आरोपी किसी न किसी तरह फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम व दूसरे कॉलिंग एप के जरिये वायस का सैंपल ले लिया जाता है। बाद में पीड़ित को उसका दोस्त, रिश्तेदार या करीबी बनकर कॉल किया जाता है। किसी भी इमरजेंसी का हवाला कर पीड़ितों से रकम की डिमांड की जाती है, चूंकि इमरजेंसी की बात की जाती है और आवाज और वीडियो कॉल पर सब इतना साफ होता है कि कोई भी इनके जाल में आसानी से फंस जाता है। बाद में इनको ठगी की रकम ट्रांसफर कर दी जाती है। बाद में पता चलता है कि वह ठगी का शिकार हो गया है।
- **रोज औसतन 650 ठगी की शिकायतें**
दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजधानी में औसतन हर दिन 650 साइबर ठगी की शिकायतें आती हैं।

4000 लोगों पर किया गया सर्वे, 85% ठगी के शिकार: एक निजी संस्था ने एआई को लेकर ठगी के मामलों का अंतरराष्ट्रीय सर्वे किया। चार हजार लोगों पर यह सर्वे हुआ। इसमें पाया गया कि 85 फीसदी लोग ठगी शिकार हो गए। इनमें 2000 लोगों से मोटी रकम वसूली गई, जबकि 46 फीसदी मामलों माता-पिता बनकर, 34 फीसदी मामलों में पत्नी और 20 फीसदी मामलों में बच्चे बनकर पीड़ितों को कॉल कर रकम वसूली गई।

ठगी से बचाव के लिए दिल्ली पुलिस के कदम
हर जिले में साइबर थाना मौजूद, वहां भी दे सकते हैं शिकायत।
पुलिस ने साइबर ठगी के लिए आईएफएसओ का गठन।
स्कूल, कॉलेज व अलग-अलग संस्थानों में साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता की क्लास

कविता जैन ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ, इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा आयोजित शिव मंदिर काठ मंडी से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए इस पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने स्वयं भी कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। कलश यात्रा का आयोजन काठ मंडी से श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला, रोहतक रोड तक किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर कलश यात्रा पारंपरिक रूप में आयोजित की जाती है, जिसके दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। कलश यात्रा में शामिल होना सौभाग्य की बात है। भागवत कथा 9 अक्टूबर से 15

अक्टूबर तक श्रीराम मंदिर एवं अग्रवाल सदन में चलेगी । परम पूजनीय श्री साक्षी गोपाल दास जी महाराज द्वारा श्री मद भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण संभव है। हर किसी को कथा का श्रवण पर पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ करना चाहिए। कथा में मानव जीवन के लिए शुभ संदेश हैं। मानवीय जीवन को दिशा मिलती है। मनुष्य की तमाम समस्याओं का समाधान मिलता है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने आम जनमानस को प्रोत्साहित किया कि वे कलश यात्रा व श्रीमद् भागवत कथा सरीखे कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लें। साथ ही नई पीढ़ी को भी प्रतिभागी बनायें, ताकि वे अपनी संस्कृति से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी। लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी। इस मौके पर आयोजकों ने पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन का

सुख-समृद्धि

8 शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी। लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी

हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर रमेश बत्रा, डॉक्टर आनंद मित्तल, डॉक्टर जय भगवान बंसल, कृष्ण कृपा दास, रघु कुमार दास, ईश्वर चंद्र गौर दास, कृष्ण गोपाल दास, सहदेव प्राण दास, अंतरिक्ष गुप्ता, रमेश वत्स, कृष्ण कुमार सी०ए०, अमित बंसल, लाल चाँद सैनी, कृष्ण पांचाल, सुनीता देवी, साधना, अनुराधा देवी दासी, फाल्गुनी देवी दासी, सीमा माता जी एवं काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

दुनिया का सबसे बड़ा दान है रक्तदानः जितेंद्र मास्टर

टीम एक्शन इण्डिया,कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) राजिंद्र फाउंडेशन संस्था कुरुक्षेत्र ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में मथाना के विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें कुरुक्षेत्र की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र ने मुख्य रूप से पूरी कार्यकारिणी के साथ शिरकत की। इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व रक्तदान किया। जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा ने ने शिविर में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौसलाफजाई की। संस्था संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि रक्तदान करने शरीर मे किसी तरह की कमी नही आती बल्कि हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। संस्था सदस्य मिथुन समाना ने बताया कि हमारे एक

स्वैच्छा से...

8 जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा ने ने शिविर में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौसलाफजाई की

यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है।संस्था की तरफ से मास्टर जितेंद्र,मिथुन समाना,आयुष राजिंद्र पाल गुप्ता,अरविंद सिंघल,विक्रम शर्मा,डिम्पल,ज्योति , गगनदीप, ज्योति,मनप्रीत,रमन आदि सदस्य मौजूद रहे। संस्था की तरफ से सभी रक्तदाताओं को औ? मुख्यातिथिओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विक्रम शर्मा,अंकुश, राहुल, अजय, रोबिन ,सनी आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

'एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करे आप सरकार'

मांग

8 दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एसवाईएल नहर को लेकर अपना स्टैंड क्लीयर करें

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एसवाईएल नहर को लेकर अपना स्टैंड क्लीयर करें। गौरतलब है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है व पिछले दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान हरियाणा को उसके हिस्से का पानी देने से साफ मना कर रहे हैं । मलौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी दोगली निती अपना रही है व हरियाणा के हितों के खिलाफ बयानबाजी कर रही है । एक तरफ तो पंजाब सरकार के मन्त्री चंडीगढ की सरकारी कोठियों से आए दिन हरियाणा को पानी की एक बूंद भी ना देने की ब्यानबाजी कर रहे हैं वहीं दूसरी और हरियाणा में आम आदमी पार्टी ब्यान देती है कि वो एसवाईएल का पानी लाएगें । एसवाईएल हरियाणा की जीवन रेखा है और हरियाणा हर हाल में अपने हिस्से का पानी लेकर रहेगा । सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पंजाब सरकार को फटकार लगाई चुकी है लेकिन पंजाब सरकार दो टूक शब्दों में पानी देने से मना कर रही है । मलौर ने कहा कि केजरीवाल एक तरफ तो हरियाणा में चुनावी घोषणाएं करते हैं लेकिन हरियाणा के असल मुद्दे पर आज तक एक शब्द नहीं बोले । प्रदेश की जनता उनसे अपना स्टैंड स्पष्ट करने की मांग कर रही हैं ।
पूर्व विधायक ने मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर पर भी हमला बोलते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पंजाब में नहर निर्माण का कार्य पूरा करवाना केन्द्र सरकार की जिम्मेवारी है और सरकार को सीपीडब्ल्यूडी से जल्द से जल्द नहर खुदाई का कार्य पूरा करवाना चाहिए और मुख्यमंत्री जी कह रहे है इसमें सरकार की जिम्मेवारी नहीं । मलौर ने प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है । ऐसा कोई विभाग नहीं जो प्रदेशवासियों की परेशानी का सबब ना बना हो । किसानों की फसल पक कर तैयार है और उन्हें पोर्टल के चक्कर में उलझा रखा है।

'आप लोगों को अपने वोट रूपी ताकत की पहचान करनी होगी'

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन
पानीपत ग्रामीण हल्के के नेता भाई विजय जैन ने अपने जन-संपर्क अभियान के तहत वार्ड नंबर 1 दीनानाथ कॉलोनी में भाई बिट्टू कलशन व प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि मेरा राजनीति में आने का मकसद बाहरी कॉलोनी में बसे उन गरीब लोगों तक राजनीति की पहचान करना है ताकि एक गरीब व्यक्ति भी अपने वोट की ताकत को पहचान सके। जैन ने कहा है कि आप लोगों को अपने वोट रूपी ताकत की पहचान करनी होगी ताकि आप अपनी शक्ति का एहसास कर सको मेरा मकसद आप लोगों को राजनीतिक व आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करना होगा ताकि एक गरीब व्यक्ति की पहचान राजनीतिक तौर पर हो सके।

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने 7 गांवों में किया जन संवाद कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया/नांगल चौधरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।इसी सोच के अनूरूप केंद्र सरकार ने लगभग साढ़े 9 साल में परिवहन, संचार, ऊर्जा, जल संसाधन व औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर किया है। यह बात भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जन संवाद कार्यक्रम में जन समूह को संबोधित करते हुए कही।
सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज हसनपुर, रामबास, धानोता, मारोली, नापला, पवेरा व नारेहड़ी में जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनीं।

पानीपत ग्रामीण वार्ड 12 अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने आम आदमी पार्टी को जॉइन किया

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन आम आदमी पार्टी प्रदेश जॉइंट सैकेट्री सुखवीर मलिक के नेतृव मे आज वार्ड 12 के अध्यक्ष शाकिर अन्सारी द्वारा बुलाई गई सभा मे काफी संख्या मे आम आदमी पार्टी को जॉइन किया।
इस सभा मे लोगों की समस्या को सुखवीर मलिक ने सुना।
यहां की बड़ी समस्या पानी निकासी की है पूरी गली का पानी एक खुले खेत मे जाता था ।अब खेत मलिक ने रास्ता बंद कर दिया है। उस समस्या को पार्षद और विधायक के सामने रखी। लेकिन ना विधायक ना पार्षद ने काम करवाया। गली के हर घर मे गंदा पानी भरता जा रहा है।

जनता बोली काम नही तो वोट नही देंगे। इस बार समाजसेवी सुखवीर मलिक ञको विधयक बनाना है,समस्या का हल पाना है। आम आदमी पार्टी मे सेजॉइन करने वाले मे नूर आलम, कल्लू राम,नईम अहमद,मुकिम भाई, कवर अलाम,बाबू पानीपती,निजामुद्दीन, मुस्तफा,युनस, शराफत,मो. रफीक,शौकीन, बुंदू भाई, शब्बीर, मो. अनवर और बहुत से अन्य साथियों ने जॉइन किया।
सभी नए साथियों का आम आदमी पार्टी मे स्वागत किया सुखवीर मालिक ने सभी टोपी और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।इस मोके पर राज कुमार मुंडे, देवेंन सलूजा, प्यारे लाल गुप्ता, शाकिर अंसारी आदि माजूद रहे।

राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में जीते अनेकों पुरस्कार

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान ने सैंट सोल्जर लॉ कॉलेज जालंधर द्वारा आयोजित 12वीं आरसी चोपड़ा मैमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2023 में अनेकों पुरस्कार जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गत सप्ताह जालंधर में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. दिलीप कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 64 टीमों ने भाग लिया।

नर सेवा ही नारायण की सेवा है- आचार्य चैतन्य

मेडिकल कैंप

8 चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मोतीनगर स्थित रविदास मंदिर मे निशुल्क मैडिकल कैम्प का अयोजन किया गया

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
अंबाला शहरः-पं केदारनाथ हास्पिटल व चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मोतीनगर स्थित रविदास मंदिर मे निशुल्क मैडिकल कैम्प का अयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम के आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज भी पहुँच कर सेवा लिए कैम्प स्थल पर शक्तिरानी शर्मा मेयर ने आचार्य जी से आशिर्वाद लिये आचार्य जी ने मेयर शक्तीरानी शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहाँ की आपकी चेरिटेबल ट्रस्ट शहर मे वर्षों से नियमित मैडिकल कैम्प लगाकर जनता की सेवा कार्य रहे है जो प्रशंसनीय है लोग बड़ी सख्यां मे पहुँच कर बराबर लाभ उठा रहे है। नर सेवा ही सही मायने मे नारायण की सेवा है। सभी ट्रस्ट से जुड़े सदस्य साधुवाद के पात्र है।

डेंगू से बचाव हेतु गांव कैंथला खुर्द में पंचायत द्वारा करवाई गई फागिंग

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
आज ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र सभी जगह डेंगू का प्रकोप चारों तरफ बदसूरत जारी है। उसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव गांव में जाकर लोगों को जागरुक कर रही है और पंचायत को आह्वान कर रही है कि वह गांव में डेंगू के प्रकोप को न बढ़ने दें। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए आज ग्राम पंचायत कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने अन्य सदस्यों के सहयोग से संपूर्ण गांव में डेंगू से बचाव हेतु फागिंग करवाई ताकि बच्चों और बुजुर्ग डेंगू की चपेट में न आएं। उन्होंने कहा कि डेंगू इतनी खतरनाक जानलेवा बीमारी है इससे अपने आपको और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। सरपंच मास्टर बलदेव सिंह ने कहा कि डेंगू व अन्य बीमारियों से बचने के लिए जागरुकता की बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों का आह्वान

अभियान

8 पंचायत को आह्वान कर रही है कि वह गांव में डेंगू के प्रकोप को न बढ़ने दें

किया कि सभी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें ।अपने घरों के आसपास किसी भी प्रकार का गंदा पानी न खड़ा होने दे ताकि बीमारी के मच्छर गंदे खड़े पानी में न पनप सकें ।उन्होंने सभी ग्राम वासियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि समय-समय पर गांव के कोने-कोने में फागिंग का कार्य निरंतर जारी रहेगा, लेकिन ग्रामवासी भी अपने सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए हर बीमारी की रोकथाम के लिए सावधान रहे। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया ,यदि स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो हम सब कुछ बेहतर कर पाएंगे।

जननायक जनता पार्टी की युवा विंग और महिला विंग ने चलाया अभियान

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन
जननायक जनता पार्टी के प्रेस प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया की पार्टी के एक बूथ-एक योद्धा कार्यक्रम के तहत पानीपत जिले हर गांव में जाकर युवा विंग और महिला विंग के द्वारा पार्टी निष्ठानवान कार्यकर्ताओं के घर-घर पर मीटिंग करके जजपा का बूथ योद्धा कार्यक्रम चलाया, और पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। इस दौरान ज़िला युवा अध्यक्ष टीपू पोड़िया ने कहा कि जजपा की युवा विंग पानीपत

ज़िले के हर गाँव में जाकर लोगों को जननायक जनता पार्टी की उपलब्धियों व सरकार में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला द्वारा किए गए विकास कार्यों के

बूथ योद्धा तैयार

8 पार्टी निष्ठानवान कार्यकर्ताओं के घर-घर पर मीटिंग करके जजपा का बूथ योद्धा कार्यक्रम चलाया, और पार्टी की नीतियों के बारे में बताया

बारे में बता रहा हैं और हर बूथ पर एक मजबूत बूथ योद्धा तैयार किया जा रहा हैं।महिला जिला अध्यक्ष गीता पलड़ी और समालखा हल्का अध्यक्ष महिला मीनाक्षी चावला ने कहा कि बूथ योद्धा कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।जिस प्रकार से आज जजपा के साथ लगातार महिला और नौजवान जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं, उनको देखते हुए दावे के साथ आने वाला समय हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला होंगे।टीपू पोडिया और गीता पलड़ी ने बताया कि विपक्ष का काम है सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का कटाक्ष करना।

युवक को टोल प्लाजा पर बुलाकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,कमाल हुसैन
पानीपत युवक को टोल प्लाजा पर बुलाकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान श्याम निवासी पक्की सराय बरनाला पंजाब हाल घरोंडा व दिनेश निवासी सिहोरी भावनगर गुजरात हाल घरोंडा करनाल के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में आकाश पुत्र सोमदत निवासी महाबीर कालोनी ने शिकायत देकर बताया था कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 3 अगस्त की देर शाम करीब 9:30 बजे उसने भोला को

फोन किया तो नरेश निवासी अंबाला केंट ने फोन उठाया। नरेश ने बात कर उसको टोल टेक्स पर बुलाया। वह टोल टेक्स पर गया तो वहा बात करते हुए भोला व नरेश के साथ कहासुनी हो गई। भोला, नरेश, दिनेश, सुनील, गप्पू व श्यामलाल ने मारपीट करते हुए इंट से उसको चोट मारी।

नेता संदीप गर्ग ने गांव भूतमाजरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोला सिलाई सेन्टर

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा, (दलबीर मलिक) लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव भूतमाजरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा नेता संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत भी किया गया।
नेता संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के की हर महिला अपने आप कार्य कर अपने ऊपर आत्मनिर्भर रहे और अपने परिवार का पालन पोषण करने में सहयोग करें। उसी कड़ी में गांव भूतमाजरा की महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर खोला गया है। जिसके

कारण यहां की महिलाएं सिलाई सीख कर अपने घर पर लोगों के कपड़े बनाकर अपना रोजगार तो कर ही सकेगी। इसके साथ-साथ वह आत्मनिर्भर भी बनेंगे। वहीं ग्रामीण राजिन्द्र कुमार, तनुज शर्मा, बलबीर सिंह, रोशन लाल, नरेन्द्र, ज्ञान चंद, मामचंद, हरविन्द्र आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य किये जा रहे हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं उससे यह साफ हो रहा है कि इन्हें किसी भी बात का प्रलोभन नहीं है, यह मात्र जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं और 2024 के विधानसभा चुनाव में लाडवा हल्के से भारी मतों से जीताकर इन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। मौके पर सरपंच अनिल शर्मा, नीलम, कांता, रूबी, बाला, कुसुम, खुशी, रजनीश, दिव्या, अन्नु, निशा आदि मौजूद थे।

आत्मनिर्भर

8 महिलाएं सिलाई सीख कर रोजगार करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनेंगी: संदीप गर्ग

न्यूज फ्लैश

पानीपत पुलिस के सिपाही को जान से मारने की धमकी देपे का आरोप

गन्नौर: ड्यूटी के बाद वापिस घर लौट रहे पानीपत पुलिस के सिपाही को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुराने केस उठाने का दबाव डालने के लिए 7 बदमाशों ने पीछा करते हुए सिपाही के साथ-साथ उसके परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी है। थाना गन्नौर पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर 7 बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव लाला गढ़ी निवासी प्रवीन ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग लगातार उनका पीछा कर रहे थे। वह 8 अक्टूबर को जब घर आ रहे थे रास्ते में संजीव, संजू, टीटा के साथ ही राकेश, चांदराम, राजीव व राजेंद्र ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने उन्हें धमकी दी कि तेरे साथ पहले क्या हुआ था, तुझे पता है। आगे अगर हमारे खिलाफ सच बोला तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। अपना केस उठा ले, नहीं तो भविष्य में अंजाम भुगतने को तैयार रहना। जिस पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मामले में शिकायतकर्ता को मारने को धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपियों का पता लगा रही है।

पहले हो चुका है जानलेवा हमला: सिपाही प्रवीन पर 14 अक्टूबर 2021 को हमला कर उनके साथ लूटपाट की गई थी। घटना की रात को वह ड्यूटी से लौट रहे थे। गढ़ी केसरी मोड़ पर बस से उतरकर वह पैदल ही अपने गांव लाला गढ़ी जा रहे थे। जब वह लाला गढ़ी-गढ़ी केसरी रोड पर पहुंचे थे तो बाइक सवार तीन युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर उनकी सर्विस रिवॉल्वर, 10 कारतूस, बैग, पर्स जिसमें करीब 2300 रुपये नकद, डेबिट कार्ड, अधार कार्ड, आई कार्ड व अन्य जरूरी कागजात लूट लिए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरवरी, 2022 में तीन आरोपियों गांव बेगा निवासी संजू उर्फ सूरज, पीरगढ़ी निवासी संजीव व सोनू उर्फ टीटा को गिरफ्तार कर लिया था।

मामले की जांच में जुटी पुलिस: एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने सिपाही प्रवीन की शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सीटीपीटी गढ्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में 3 व्यक्तियों की गिरने से हुई मौत

पानीपत/कमाल हुसैन
पानीपत-हरिद्वार रोड पर सनौली खुर्द के पास होटल जय फूडस के सामने एक फैक्ट्री में बडा हादशा हो गया। फैक्ट्री के अंदर बने केमिकल के सीटीपीटी गढ्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में 3 व्यक्तियों की गिरने से मौत हो गई। इसकी सुचना जैसे ही पुलिस व परिजनों को मिली तो सुचना मिलते ही पुलिस व परिजन मोके पर पहुंचें और तीनों मृतक युवकों को के शव का बाहर निकाला। वही परिजनों ने हत्या कर गढ्ढे में डालने का आरोप लगाया। और पुलिस को शिकायत देकर ठोस कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री मालिक नवीन,विष्णु,सौरभ व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार रसलापुर गांव निवासी सददाम पुत्र कामिल व जुल्फान पुत्र मुदा ने बताया कि उनके भाई इस्लाम पुत्र कामिल व कुरुबान पुत्र मुदा हाटल जय फूडस के सामने गोरजा इन्टर नैशनल प्रा.लि. में ट्रैक्टर ड्राईवर और फैक्ट्री से कैमिकल का गन्दा व जहरीला पानी निकालकर फैक्ट्री मालिको के कहने पर नहर मे डालते थे। रात के 12 बजे तक अपनी ड्यूटी खत्म करके घर वापिस आ जाते थे। पिछले काफी समय से फैक्ट्री मालिक अतिरिक्त काम करवा रहा था। लेकिन उस हिसाब से मानदेय नही दे रहा था। इसको लेकर करीब 10-15 दिन पहले फैक्ट्री मालिको ने अन्य कर्मचारियो से मिलकर इनके साथ मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार को वो फैक्ट्री मे काम पर गये थे। रात लगभग 12 बजे तक जब वों घर नही आए तो फोन बंद होने के कारण वो उन्हे ढुंढने फैक्ट्री गये तो गार्ड ने बताया कि वह दोनो काफी समय पहले जा चुके हैं और गेट नही खोला, उन्हे बता चला कि रंजिस के चलते इस्लाम,कुरबान व एक अन्य सुरेश की हत्या कर शव फैक्ट्री मालिकों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुर्द बुर्द करने की कोशिश से गढ्ढे में फैक दिए है और कैमरें भी तोड दिए है। परिजनों ने जमकर फैक्ट्री में हंगामा किया और शव लेने के लिए आई एम्बूलैसं के शीशें भी तोड दिए। एएसपी मंयक मिश्रा ने मृतकों के परिजनों को ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया और फैक्ट्री को आगामी कार्यवाही तक ताला लगाकर बंद कर दिया।

जिलेभर में की गई नाकेबंदी और चलाया चैकिंग अभियान

जलेभर में नाकाबंदी की गई व विभिन्न थाना क्षेत्रों में गस्त की गई

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार आज सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत जिलेभर में नाकाबंदी की गई व विभिन्न थाना क्षेत्रों में गस्त की गई। इस दौरान जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में 9 जगह पर नाकाबंदी की गई और 72

पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चैकिंग व गश्त की गई। इस दौरान जिला के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी फील्ड में मौजूद रहे और करीब 300 पुलिस कर्मचारी इस पुलिस उपस्थिति दिवस में तैनात रहे। पुलिस उपस्थिति दिवस का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना व शरारती तत्वों के मन में भय उत्पन्न करना है। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा शहर के या अपराध घटित होने की संभावित जगहों पर पैदल गश्त की गई। संदिग्ध लोगों से बारिकी से पूछताछ की गई। पुलिस ने इस दौरान जनसम्पर्क अभियान चलाकर आमजन से रूबरू होते हुए पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराते हुए सुरक्षा का एहसास करवाया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का मकसद पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के नारे को चरितार्थ करना है। जनता को विश्वास दिलाना है कि पुलिस सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उपस्थिति दिवस के दौरान नाकाबंदी व पैट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखना, नशा तस्करी पर रोक लगाना, अवैध असला रखने वाले अपराधियों को पकडना, वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना सहित वाहनों की जांच करना व समय-समय पर घटित होने वाले विभिन्न प्रवृति के अपराधों पर रोक लगाना जिला पुलिस का मुख्य लक्ष्य है।

सैनिक स्कूल कुंजपुरा पूरा करेगा प्रधानमंत्री का विजन

करनाल/टीम एक्शन इंडिया पहले अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल (एआईएसएनजी) का आयोजन 11 से 18 अक्टूबर तक सैनिक स्कूल कुंजपुरा में किया जा रहा है। यह अपनी तरह का एक विशाल आयोजन है, जिसने इतिहास रचा है क्योंकि सैनिक स्कूल कुंजपुरा इस विशाल आयोजन की मेजबानी सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान के अंतर्गत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विजन में देश के युवाओं से खेलों को अपने जीवन में 'केंद्रीय स्थानइ देने का आग्रह किया। इसी सन्दर्भ में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी एक ही स्थान पर की जा रही है, ताकि लडकों और लड़कियों को कैडेटों को समान अवसर दिया जा सके। यह निश्चित रूप से युवा उभरते खिलाडिों के लिए हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों की तरह अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए एक प्रोत्साहन होगा, जहां भारत ने जबरदस्त सुधार दर्ज किया है और 100 से अधिक पदक जीते हैं। सैनिक स्कूलों की खेल प्रतियोगिताएँ जोनल और इंटर जोनल स्तरों पर आयोजित की जा चुकीं हैं और अपने चयनित अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ कैडेटों को स्कूल खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। सैनिक स्कूल सोसाइटी का यह प्रयास एक स्वागत योग्य निर्णय है और छात्र समुदाय के लिए एक बड़ा लाभ है। सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रधानाचार्य कर्नल विजय राना ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जरनल संजय मैनी, जरनल ऑफिसर कमांडिंग हैड्क्वार्टर पीएच एण्ड एचपी (स्वतंत्र) सब एरिया होंगे। उनका भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा।

केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में स्वास्थय जांच के बाद किया जागरूक

टीम एक्श इंडिया/राई
ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सोनीपत के अस्पताल में डा. सुषमा शर्मा उपमहानिरीक्षक मेडिकल, डा. विवेक उपमहानिरीक्षक मेडिकल, डा. मनमीत बरार और अस्पताल के सहायक मेडिकल स्टाफ द्वारा विद्यालय के 210 छात्रों एवं 151 छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। प्रधानाचार्य अमन गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में एक शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी का दो बार चिकित्सीय जांच विशेषज्ञ द्वारा करवाई जाती है। इसमें विद्यार्थी का वजन, ऊंचाई, छाती,पेट, कान, आंखें, नाक,मुंह,त्वचा,अन्य शारीरिक विकास इत्यादि की विस्तार से जांच की जा रही है। जांच के पश्चात अध्यापकों द्वारा अभिभावकों के साथ

विद्यार्थी का मेडिकल रिपोर्ट कार्ड साझा किया जाएगा ताकि अभिभावक को अपने बच्चों के स्वास्थ्य स्तर की जानकारी हो सके और बीमारी का समय रहते इलाज करवाया जा सके। प्राचार्य ने ग्रुप केंद्र की पूरी मेडिकल टीम का आभार जताया।

कला कीर्ति भवन में हुआ नाटक कोर्ट मार्शल नहीं का मंचन

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)
हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में समय-समय पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के सौजन्य से नाटक कोर्ट मार्शल नहीं का मंचन हुआ। विवेक आश्री का लिखा और युवा रंगनिर्देशक नितिन शर्मा के निर्देशन में परम्परा आर्टस चण्डीगढ़ के कलाकारों ने देश की सेना पर आधारित नाटक का बखूबी मंचन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक व अभिनेता चंद्रशेखर शर्मा बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्यअतिथि चंद्रशेखर शर्मा, हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा तथा सुभाष झा ने दीप प्रज्जवलित कर की।

पुरुषार्थ की साक्षात प्रतिमा हैं श्री पीयूष मुनि जी: महासाध्वी प्रमिला

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। संत का जीवन अगरबत्ती के समान होता है, जो स्वयं जलकर भी दूसरों को सुगंध देती है। दीपक स्वयं अंधेरे से लड़ते हुए रोशनी देता है। इसी प्रकार अनासक्त तथा निस्पृह संत स्वयं कष्ट सहन करते हुए भी समाज को दिशाबोध कराते हैं तथा जीवन में प्रविष्ट बुराइयों को दूर कर नैतिक एवं सदाचारी जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। शांतात्मा जप-तप आराधिका महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने श्री आत्म मनोहर जैन सेवा संस्थान समूह के वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज की 48वीं जन्म जयंती पर आयोजित गुणगान

सभा में कहा कि श्री पीयूष मुनि जी प्रभावी वक्ता, कुशल लेखक, अनुपम संगठनकर्ता, तपोनिष्ठ, जाप के उत्कृष्ट साधक, समन्वयवादी विचारों वाले समाज सुधारक, विभिन्न धर्मों तथा दर्शनों के अधिकारी विद्वान तथा राष्ट्रवादी एवं उदार दृष्टिकोण वाले महापुरुष हैं, जो अनेक माध्यमों से जनसेवा करते हुए क्षुद्र संकुचित भेदभावों को दूर कर मानव को मानव से जोडे के लिए सदैव प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने वाले अनथक पुरुषार्थ की साक्षात प्रतिमा रूप श्री आत्म मनोहर गुरु परिवार के देदीप्यमान सूर्य हैं। शिक्षा, चिकित्सा . सेवा, संस्कार निर्माण, सद्भावना सृजन के क्षेत्र में आपके कार्य बेमिसाल हैं।

विधायक निर्मल चौधरी ने जनता दरबार लगाकर हल्के के लोगों की सुनी समस्या

अधिकतर समस्याओं का मौके पर किया समाधान,बची समस्या के जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। विधायक निर्मल चौधरी ने सोमवार को अपने निवास पर साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर हल्के के लोगों कि समस्याएं सुनी और ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जिस समस्या का किसी कानूनी अड़चन के चलते समाधान नही हो सका उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने सरकार के 4 वर्ष की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा

कि आज जरूरी है कि अपने अधिकारों को जानने के साथ साथ

समाधान

8 किसी कानूनी अड़चन के चलते समाधान नही हो सका उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को जल्द समाधान के निर्देश दिए

सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आप सभी को हो ताकि एक जागरूक नागरिक होने के नाते यदि आप किसी योजना के पात्र नहीं है। तब भी किसी दूसरे पात्र ग्रामवासी को इस योजना से अवगत कराते हुए उस योजना से लाभान्वित कर सकते हैं। जिससे उसे भी मुख्यधारा में लाया जा सके। जिससे भाजपा सरकार का अंतोदय का मंत्र साकार हो सके। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया उनका भी दायित्व है कि कोई भी पात्र भाजपा सरकार की किसी भी योजना से वंचित न रह सके। इस अवसर पूर्व सरपंच राजी मलिक, प्रदीप राठी, महक फोगाट, भोपाल रापरिया व धर्मबीर प्रजापत सहित के कई लोग मौजूद रहे।

डॉक्टर नीना ने लड़कियों को सिखाए जीवन बचाने वाले गुर

करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक के दिशा निर्देशन के अनुसार सहायक प्रशिक्षक अधिकारी राजपाल चौधरी ने डॉक्टर नीना को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल घरौंडा में प्रशिक्षण देने के लिए मनोनीत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने लड़कियों को बताया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में यदि किसी को चोट लग जाती है तो हमें अवश्य मदद करनी चाहिए, क्या पता हम किसी ऐसे की मदद करें कि वह अपने परिवार का प्रमुख हो। हम सब में मदद की भावना होनी चाहिए। डॉक्टर नीना ने स्टाफ व लड़कियों को जान बचाने वाले गुरु डेमोंसट्रेशन द्वारा दिखाकर अच्छी प्रकार से सिखलाई की और बच्चों से भी करके दिखाया गया यदि प्रार्थना करते समय यदि किसी को बेहोशी आ जाए या मिर्गी का दौरा पड़ जाए तो हमें किन बातों को ध्यान में रखना है और किन बातों को नजरअंदाज करना है। इस अवसर पर बच्चों और स्टाफ ने बड़े ही अच्छे ढंग से इन तकनीकों को सीख की जरूरत पडे पर किस प्रकार हम तिकोनी पट्टी का प्रयोग कर सकते हैं।

सैमसंग ने अपने बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्च करने की घोषणा की

टीम एक्शन इंडिया/नोएडा
भारत के नंबर वन रेफ्रिजरेटर ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसे मॉडर्न भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। खूबसूरत कलर ऑप्शन के साथ, नए बीस्पोक रेफ्रिजरेटर किसी भी किचन में एक अर्बन एलीगेंस और व्यक्तित्व को ऐड करते हैं। रें२४ल्लें की नई बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज, बीस्पोक प्रीमियम कोटा स्टील और बीस्पोक ग्लास वेरिएंट में उपलब्ध हैं, जो एडवांस्ड रेफ्रिजरेशन के साथ व्यक्तिगत खूबसूरती को जोड़ती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी आसान और स्टाइलिश बन जाती है। बीस्पोक प्रीमियम कोटा वेरिएंट आपकी किचन में एक विंटेज आकर्षण और खूबसूरती को जोड़ता है। यह दो कलर ऑप्शन - कोटा बेज और चारकोल (डुअल टोन) और कोटा चारकोल में उपलब्ध होगा।

जजपा नेताओं ने अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद का लिया जायजा

सुविधाएं

8 सरकार की ओर से किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सोमवार को गन्नौर की नई अनाज मंडी में जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया अन्य जजपा नेताओं ने मंडी में हो रही खरीद का जायजा लेते हुए किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर समस्या भी सुनी और

अधिकारियों को मंडी में हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। दहिया ने कहा मंडी के दौरे का मकसद है कि किसी भी किसान को मंडी में फसल बेचने में कोई परेशानी न आए इसी के चलते कार्यकताओं के साथ मंडी में निरीक्षण कर किसानों व आढ़तियों से फसल खरीद की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। दहिया ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा -जजपा की गठबंधन सरकार बनी है तब से किसानों की फसलों का एक-एक दाना खरीद कर उनकी समय पर पेमेंट की जा रही है। दहिया ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हमेशा से किसान ,गरीब व कमरे के हितेषी रहे हैं और इसी के चलते उन्होंने किसानों की फसलों का समय पर खरीद करने के साथ-साथ उनके के खाते में समय पर पैसा पेमेंट पहुंच जाए इसका पुख्ता प्रबंध किया है। इस मौके जजपा के प्रदेश सह सचिव सियानंद त्यागी, पूर्व प्रत्याशी रणधीर मलिक, हलका प्रधान अनिल त्यागी, युवा हल्का अध्यक्ष सुधीर धनखड़, भाने राम सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रितिका ने नेशनल में कांस्य पदक जीता

बेटी के पदक जितने की खुशी में गांव में खुशी का महौल

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव पुरखास की कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया की बेटी पहलवान रितिका ने 73 किलोग्राम वर्ग भर में अंडर 17 फ्री स्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023 के कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य को कांस्य पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में रितिका ने अंडर-17

बालिका के 73 किलोग्राम भार वर्ग में केरल की पहलवान फिदा को बाई फॉल कर पदक जीता है। रितिका ने इससे पहले राज्य स्तरीय हिसार में अपने वजन में स्वर्ण पदक जीता था। रितिका ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर शिरकत की और कांस्य पदक जीता। रितिका के पिता राजेश पहलवान पुरखासिया ने बताया कि यह गांव के बच्चों का खेल में कड़ी मेहनत, समय पर प्रैक्टिस करने का परिणाम है। रितिका पिछल्ले 2 साल से कोच ईश्वर दहिया, राजकुमार हुड्डा, नरेंद्र रोज के पास रोहतक में प्रशिक्षण ले रही है। अब मध्य प्रदेश में 2 से 7 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में डीपी अमित, प्रबंधक माया एवं मंजू के साथ हरियाणा का प्रतिनिधित्व रितिका ने किया और पदक जीत कर अपने गांव, जिला, प्रदेश का नाम रोशन किया है। नेशनल पदक मिलने पर परिवार में खुशी की लहर है। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा कि बेटे और बेटी में कोई भेद नहीं है। बेटी ने पदक पांचों बाउट बाइ फॉल करके जीती हैं। यह किसी भी पिता के लिए गौरव की बात है कि उसकी बेटी ने उनका नाम रौशन किया है। गांव में खुशी की लहर सभी बड़े अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रैली निकाली और कलश को बीडीपीओ को सौंपा

टीम एक्शन इंडिया/राई। मुरथल स्थित ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डा. संगीता सपरा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश का निर्माण किया गया । जिसमें स्वयं सेविकाओं के द्वारा अपने-अपने गांव से एकत्रित की गई मिट्टी कलश में डाली गई तत्पश्चात प्राचार्य डा. संगीता छपरा ने हरी झंडी दिखाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रैली का शुभारंभ किया और छात्राओं

को अपने देश की माटी के प्रति सम्मान बनाए रखना व उसके गौरव की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया रैली की समाप्ति के उपरांत अमृत कलश को प्राचार्या को सौंपा गया उसके बाद अमृत कलश को अंकित, ज्योति दहिया एवं अजय दहिया के द्वारा मुरथल बीडीपीओ डॉ जितेंद्र चौहान को सुपुर्द किया गया।

संपादकीय

योगी का सहयोगी संघवाद

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की एक नई और चमकदार तस्वीर प्रस्तुत की है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरन्तर प्रयास चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की इस विकास यात्रा में भी सर्वाधिक उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रदेश सरकार हर तबके को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दे रही है। पहले की सरकारें कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देती थीं, जबकि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश को योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में छह नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हर घर नल योजना लाई गई है। पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ते हुए गोल्डन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार सभी गरीबों को निःशुल्क पक्के घर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दो करोड़ इकसठ लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आज राष्ट्रीय फलक पर एक ऐसा उत्तर प्रदेश उभरकर आया है, जिसकी छवि बीमारू राज्य की नहीं, बल्कि एक ऐसे विकासशील राज्य की है जो भारत की प्रगति में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है। छह साल से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, तकनीक, डिजिटल इंडिया, कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग, तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार को कम करने व व्यवसाय का उपयुक्त माहौल प्रदान करने में की गई प्रगति सम्बन्धी काम को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री के एक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय किया है। उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दो करोड़ 62 लाख कृषकों किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। इसमें देश में उत्तर प्रदेश अव्वल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है।

संबंधों के बीच पिसते खून के रिश्ते

प्रियंका सौरभ

"असल में आज की भौतिकतावादी दुनिया में हम संबंधों और रिश्तों की महत्ता को भूल चुके हैं। आज हम में से बहुतों के लिए रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। माता-पिता, भाई-बहिन आदि रक्त-सम्बन्धियों के अलावा एक रिश्ता आपस में सामाजिक रूप से इस तरह निर्मित किया गया है जो पावनता में, विश्वास में किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं बैठता है। पति-पत्नी के रूप में बनाया गया यह रिश्ता भी आज कसौटी पर खड़ा कर दिया गया है। आये दिन इस रिश्ते को भी परीक्षा देनी पड़ती है। कभी इन दोनों को आपस में और कभी इन दोनों को सामाजिक रूप में तो कभी इनको पारिवारिक रूप में।"

आज हम में से बहुतों के लिए खून के रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। वैसे तो हमारे सामाजिक संबंधों और सगे रिश्तों में खूनी जंग का एक लंबा इतिहास रहा है। पर पहले इस प्रकार की घटनाएं राजघरानों के आपसी स्वार्थों के टकराने तक सीमित रहती थीं। लेकिन अब यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है, क्योंकि अब छोटे-छोटे निजी स्वार्थों को लेकर रक्त संबंधों अथवा नातेदारी संबंधों की बलि चढ़ाने में आमजन भी शामिल हो गए हैं। वर्तमान की इस सच्चाई को प्रस्तुत करने में कोई हिचक नहीं कि तकनीकी मूल्यो, पूंजी के जमाव, आक्रामक बाजार, सूचना तकनीकी के साथ में सोशल मीडिया से बढ़ती घनिष्ठता जैसे कारकों के फैलाव के सामने परिवार, समुदाय तथा इनमें समाहित सामाजिक रिश्ते बौने नजर आ रहे हैं। इसलिए सामाजिक रिश्तों में टूटन की तीव्रता वास्तव में हमारी चिंता का विषय है।

पारिवारिक मूल्यों के छीजते जाने का रोना हर तरफ सुनाई देता है, पर इसकी तह में जाने की जरूरत है। क्या विकास की हमारी मौजूदा सोच से इसका कोई नाता नहीं है। आज सामाजिक संबंधों के साथ-साथ परिवार के आत्मीय रिश्तों से जुडे सरोकार भी बहुत कमजोर पड़ रहे हैं। सही बात यह है कि इस वैश्विक दौर में रक्त संबंधों के साथ में अब नातेदारी तथा रिश्ते भी स्वार्थ की आग में झुलसने को मजबूर हैं। परिवार के आत्मीय संबंधों पर चोट करने वाली तमाम घटनाएं आज देखने में आ रही हैं। समाज वैज्ञानिकों के लिए ये घटनाएं आज संयुक्त परिवार की टूटन, रक्त संबंधों में बिखराव तथा रातों-रात सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचने की लालसा जैसे कारणों के चलते सामाजिक संबंधों में बदलाव की तेज चाल को भी महसूस करा रही हैं। वैसे तो हमारे सामाजिक संबंधों और सगे रिश्तों में खूनी जंग का एक लंबा इतिहास रहा है। पर पहले इस प्रकार की घटनाएं राजघरानों के आपसी स्वार्थों के टकराने तक सीमित रहती थीं। लेकिन अब यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है, क्योंकि अब छोटे-छोटे निजी स्वार्थों को लेकर रक्त संबंधों अथवा नातेदारी संबंधों की बलि चढ़ाने में आमजन भी शामिल हो गए हैं। वर्तमान की इस सच्चाई को प्रस्तुत करने में

कोई हिचक नहीं कि तकनीकी मूल्यो, पूंजी के जमाव, आक्रामक बाजार, सूचना तकनीकी के साथ में सोशल मीडिया से बढ़ती घनिष्ठता जैसे कारकों के फैलाव के सामने परिवार, समुदाय तथा इनमें समाहित सामाजिक रिश्ते बौने नजर आ रहे हैं। इसलिए सामाजिक रिश्तों में टूटन की तीव्रता वास्तव में हमारी चिंता का विषय है। वर्तमान की इस तेजी ते से भागती जिंदगी के मद्देनजर अब यह बहस चल पड़ी है कि क्या सामाजिक रिश्तों में अभी और कड़वाहट बढेगी? क्या भविष्य में विवाह और परिवार का सामाजिक-वैधानिक ढांचा बच पाएगा? क्या बच्चों को परिवार का वात्सल्य, संवेदनाओं का अहसास, मूल्मूयों तथा संस्कारों की सीख मिल पाएगी? क्या आने वाले समाजों में एकल परिवार के साथ में लिव-इन जैसेसंबंध ही जीवन की सच्चाई बन कर उभरेंगे? क्या इन रिश्तों की टूटन को बदलाव की स्वाभाविक प्रक्रिया माना जाए या इसे वैश्विक समाज के बदलाव की बयार समझा जाए? ये आज के कुछ ऐसे ज्वलंत प्रश्न हैं, जिनका जवाब खोजना समय की मांग है। एकल परिवार व धन की चाहत में यहां अपने ही जान के दुश्मन बन गए हैं। कोई मां-बाप अपने बेटे व बहू से तंग आकर आत्महत्या का निर्णय कर रहा है। कोई बेटा कुछ रुपये के लिए बाप का ही कत्ल कर दे रहा है। मां-बाप की पेंशन की खातिर भाई-भाई आपस में लड़ रहे हैं। एकल परिवार की चाह बढ़ रही है। बिना परिश्रम के ही कम समय में अमीर बनने की लालसा लोगों को गलत राह पर ले जा रही है। इसमें बुजुर्ग अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं। सम्बन्ध क्या हैं? रिश्ते क्या हैं? रिश्तों और संबंधों में आपसी सामंजस्य, साहचर्य किस तरह का है? क्या रिश्ते और सम्बन्ध एक ही हैं? क्या रिश्ते और सम्बन्ध आपस में एकसमान भाव रखते हैं? ये ऐसे सवाल हैं जो आये दिन दिमाग में उलझन तो पैदा ही करते हैं, दिल में भी उथल-पुथल मचाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार हम संबंधों को लेकर सजग होते हैं और कई बार रिश्तों का महत्त्व नहीं समझते हैं। इसके अलावा बहुत बार ऐसा भी होता है कि किसी व्यक्ति के लिए संबंधों के साथ-साथ रिश्तों की भी महत्ता होती है। इसके साथ-साथ समाज में ऐसे लोगों से भी सामना होता है जिनका सम्बन्ध सिर्फ उन्हीं लोगों से अधिक होता है जो उनके साथ किसी न किसी तरह का रिश्तेनुमा व्यवहार रखते हैं। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए आज बहुतेरे लोग रिश्तों के साथ संबंधों को अहमियत देते दिखाई देते हैं जबकि बहुत से लोग संबंधों को तवज्जो देते हैं। यहाँ समझने का विषय मात्र इतना है कि किसी के लिए भी संबंधों और रिश्तों में अंतर कैसा है? इन दोनों शब्दों की परिभाषा उसके लिए किस स्तर की है? असल में आज की भौतिकतावादी दुनिया में हम संबंधों और रिश्तों की महत्ता को भूल चुके हैं। आज हम में से बहुतों के लिए रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। माता-पिता, भाई-बहिन आदि रक्त-सम्बन्धियों के अलावा एक रिश्ता आपस में सामाजिक रूप से इस तरह निर्मित किया गया है जो पावनता में, विश्वास में किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं बैठता है। पति-पत्नी के रूप में बनाया गया यह रिश्ता भी आज कसौटी पर खड़ा कर दिया गया है। आये दिन इस रिश्ते को भी परीक्षा देनी पड़ती है। कभी इन दोनों को आपस में और कभी इन दोनों को सामाजिक रूप में तो कभी इनको पारिवारिक रूप में।

समय के साथ माता-पिता, भाई-बहिन आदि से दूरी बनती जाती है, भले ही ये दूरी दिल से न बने मगर ऐसा अपने रोजगार, कारोबार या अन्य कार्यों के चलते भौगौलिक रूप से अवश्य ही हो जाता है। जब हम परिवार संस्था के रूप में संबंधों का निरूपण करते हैं तो सहयोग,सामंजस्य व त्याग अपरिहार्य शर्त है। एक मां बच्चे के लिये तमाम तरह के त्याग करती है। पिता खून-पसीने की कमाई से उसका संबल बनकर बच्चे के भविष्य को संवारते हैं। तो ऐसा संभव नहीं है कि विवाह के उपरांत उनके दायित्वों से बेटा विमुख हो जाए। कहीं न कहीं नई पीढ़ी में वह धैर्य तिरोहित हो चला है जो रिश्तों के सामंजस्य की अपरिहार्य शर्त हुआ करता था। निस्संदेह, वैवाहिक रिश्तों में हर व्यक्ति को उसका स्पेस, आत्मसम्मान, आर्थिक आजादी और बेहतर भविष्य के लिये पढ़ने-लिखने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन यह परिवार की कीमत पर नहीं हो सकता। हम अपने परिवार में रिश्तों की कई परतों में गुंथे होते हैं। एक व्यक्ति पुत्र,पिता,भाई और पति की भूमिका में होता है। उसे सभी संबंधों में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होता है। जाहिर है एक लड़का और लड़की दो अलग पारिवारिक पृष्ठभूमि और संस्कारों के बीच पले-बढ़े होते हैं। फिर एक परिवार में भी एक भाई व बहन के सोच-विचार और दृष्टिकोण भिन्न हो सकते हैं। भारतीय समाज में रिश्तों को सींचने की सनातन परंपरा सदियों से चली आ रही है। हम अपने माता-पिता के प्रति दायित्वों का निर्वाह करते हैं तो उससे संस्कार हासिल करके नई पीढ़ी उसका अनुकरण-अनुसरण करती है। यही सामाजिकता का तकाजा भी है। इन रिश्तों का निर्वाह एक-दूसरे के आत्मसम्मान और भावनाओं का सम्मान करते हुए ही संभव है। जैसे कहावत भी है कि पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती, उसी तरह हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से भिन्न हो सकता है।

कविता

ईश्वर सब पर एक साथ मेहरबान है'

वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,
दुनिया की चमक धमक से हैरान है'

खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,
बिना श्रम के भला कोई बना धन
वान है'

धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती'
बनना पहले हमें,अच्छा इंसान है'

जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,
यहीं धरती पर ही दीन और ईमान है'

दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,
उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है'

जो जग में चमकता सितारा दिखता है,
सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है'

आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं'
दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है'

चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात है,
फिर तू क्यों इसी में इतना हैरान है'

गहन अंधेरों के बाद रोशनी होती ही है संजीव,
मत हो हलकान,ईश्वर सब पर एक सा
मेहरबान है।

संजीव

इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध त्रासदी की ओर

संजीव

ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास एक पिलिस्तीनीआतंकवादी संगठन है जिसमें लगभग 25000 लडाके शामिल है। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की समर्थित हमास उग्रवादी यह कभी नहीं चाहते थे कि अमेरिकी मध्यस्थता के फल स्वरुप इसराइल और सऊदी अरब सहित अन्य देशों के बीच संबंध अच्छे बने वह उसका लगातार विरोध करता आया है। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है ।हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह तो तय है कि हम आज का यह हमला केवल सशस्त्र संघर्ष नहीं है बल्कि यह एक सैन्य युद्ध की शक्ल में लड़ा जा रहा है और हमास के साथ ईरान, पाकिस्तान, तुर्की खुलकर सामने आ गए। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। कुछ विश्लेषक यह मानते हैं कि 50 वर्ष पहले योग कीपर युद्ध की 50वीं वर्षगाठ पर अचानक हमास ने इसराइल के शहरों पर 5000 रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर इजराइल में कोहराम मचा दिया है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है।

विचार

भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ तैयार

किशन भावनानीं गोंदिया

वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है,बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हजार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। आज सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शामतक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय(पेटागन)ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिसपर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं ।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है। साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्धकी करें तो,शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है ।हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था ।इस्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा।

साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों के बीच भारत ने इस्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा सोशल मीडिया भारतीय लोगों के समर्थन से भरा पड़ा है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

हिंदू समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जातिगत जनगणना

मृत्युंजय दीक्षित

बिहार के मुख्यमंत्री व आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन के एक संभावित नेता नीतिश कुमार ने आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर दी है। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के मात्र एक सप्ताह पूर्व जारी की गयी यह रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में राजनैतिक नेताओं की ओर से मुखर बयानबाजी प्रारम्भ हो गयी और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक। वर्तमान राजनैतिक दौर में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है । जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन कराके सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एक झदो दिन आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनैतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है।

मुझसे शादी करोगी...

डॉ. सुरेश कुमार

मैं अपनी माँ से बहुत प्यार करता हूँ। लेकिन इन दिनों उनसे बहुत परेशान भी हूँ। वह बात-बात में चिढ़ जाती है। कहती है झ तू मुझे अच्छी माँ, प्यारी माँ जैसी बातों से बहलाने-फुसलाने की कोशिश मत कर। तू यह बता मुझे दादी कब बना रहा है? मैं माँ को कैसे समझाऊँ कि तुझे दादी बनाने के लिए मुझे पहले शादी करनी होगी। उसके लिए एक लड़की चाहिए होती है, जो कि अमेजॉन या फ्लिपकार्ट में ऑनलाइन ऑर्डर करने से होम डिलेवरी नहीं होती। उसके लिए पहले पहल मैं किसी लड़की को पसंद आऊँ तो बात बनें। मैं ठहरा काला-कलूटा। थोबड़ा ऐसा कि बच्चा चोर लगता हूँ। लोग कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज द बेस्ट इंप्रेशन। मेरा तो फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन है। अब भला मुझे कौन लड़की देगा। ऊपर से सरकारी नौकरी भी नहीं है। प्राइवेट कंपनी में धक्के खा-खाकर दो चीजें हासिल की हैं, एक हर दो महीने में जूते घिस जाते हैं और दूसरा टेंशन के मारे झड़ते हुए सिर के बाल। किसी दिन मेरा थोबड़ा और गंजापन मुझे भूतिया फिल्मों का खलनायक बनाकर ही छोड़ेगा।

किसी ने खूब कहा है सूरत क्या देखते हो सीरत देखिए। यह जिस किसी ने भी कहा है वह मुझे मिल जाए तो मैं उसकी बैंड बजा दूँ। कल की ही बात है मैं अपने ध्यान में मग्न सड़क के एक किनारे चला जा रहा था। उधर दूसरी ओर से एक लड़की आ रही थी। उसकी शक्ल भी कुछ खास नहीं थी। न जाने उसे क्या हुआ मुझे देखते ही दूसरी ओर हो ली। मुझे कभी-कभी संदेह होता है कि मेरे चेहरे पर कहीं खतरे का निशान वाला बोर्ड तो नहीं लगा है। जिसे देखो उसे मुझसे कन्नी काटने में ही भलाई समझता है। इतना ही नहीं जब से लड़कियों के साथ बलात्कार के मामले बढ़े हैं तब से सारी लड़कियाँ और यहाँ तक कि कुछ उम्रदराज औरतें भी पल्लू से खुद को ऐसे ढक लेती हैं जैसे पूरे देश में बलात्कार के मामले मुझी पर चल रहे हैं। दुनिया को छोड़िए साहब। मेरे माँ-बाप को ही ले लीजिए। जब मैं पैदा हुआ था और उन्होंने मुझे गोदी में लेकर देखा तो उनकी प्रतिक्रिया चौकाने वाली थी। उनके मुँह से हल्की सी चीख निकल पड़ी।

न्यूज फ्लैश

किसान फसल के अवशेष खेत में मिलाकर बढ़ाएं मिट्टी की उर्वरक शक्ति: डॉ. रामपाल

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह के दिशा निदेर्शानुसार किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर प्रचार किया जा रहा है। खंड कृषि अधिकारी डॉ. रामपाल स्टौंडी ने बताया कि धान की कटाई के बाद जो अवशेष बचते हैं, मिट्टी में मिलने से पोटाश व अन्य पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही आग्रोनिक कार्बन की मात्रा में भी बढ़ोतरी होती है, जिनकी मिट्टी में काफी कमी पाई गई है।
उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ किसानों को बेलर के माध्यम से वेल बनाकर भी फसल अवशेष का प्रबंधन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है तथा केन्द्र व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।
उन्होंने बताया कि किसान सीआरएम स्कीम के तहत अपना पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जाकर इन सीटू और एक्स सीटू में करवा सकते हैं। फसल अवशेषों का प्रबंधन करने पर हरियाणा सरकार द्वारा प्रति एकड़ एक हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसमें प्रति किला एक हजार रुपए अनुदान सरकार के द्वारा किया जाएगा, बशर्ते किसानों को प्रति किले की इन सीटू और एक्स सीटू करते समय फोटो लेना अनिवार्य है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

'प्रधानमंत्री ने देश को वैश्विक स्तर पर बनाया ताकतवर'

नीलोखेड़ी विधानसभा के विभिन्न गांवों में जन संवाद, मौके पर समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वैश्विक स्तर पर बहुत ताकतवर बनाया है। इस ताकत को बनाए रखने के लिए हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह बात राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने सोमवार को नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गुल्लरपुर, कुचपुरा, बस्तली, फतेहगढ़ और तखाना खालसा गांव में आयोजित जन संवाद के दौरान उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब केंद्र की सरकार ने अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं और प्रदेश में भी नौकरियों के लिए पर्ची - खर्ची पर लगाम लगाई गई है। उन्होंने कहा कि हम सबको समाज को बदलने के लिए अपने आचरण में भी बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीति के कारण ही आज दुनियाभर में हमारे खिलाडियों का डंका बज रहा है। इस दौरान उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को उनके निवारण के

लिए निर्देश दिए। सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसानों की एक भी एकड़ जमीन प्रदेश सरकार की ओर से अधिग्रहित नहीं की गई है। इतना ही नहीं आज हमारे किसानों को गेंहू व जीरी के भी अच्छे दाम मिल रहे हैं।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए समान भावना से कार्य कर रही है। हरियाणा सरकार पारदर्शिता से युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान कर रही है। सांसद कृष्ण लाल पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई है। आज देश आर्थिक तौर पर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिली है, जिसके फलस्वरूप देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और सुरक्षा की दृष्टि से भी देश में अभूतपूर्व तरक्की हुई है। वर्तमान केंद्र सरकार ने पिछले 9 साल के कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। सांसद

उपलब्धि का बखान

> 8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई है। आज देश आर्थिक तौर पर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा

पंवार ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ देने के लिए आनलाईन प्रक्रिया अपनाई गई है जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और तय समय में सेवाओं का लाभ मिल रहा है।
अब लोगों के घर बैठे काम हो जाते हैं। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में पिछली सरकार के मुकाबले तीन गुणा से भी ज्यादा बीपीएल कार्ड बने हैं। हरियाणा सरकार ऐसे परिवारों को गरीब मानती है जिनकी महीने की आमदनी 15 हजार रुपये से कम है और ऐसे सभी परिवारों को अंत्योदय योजना के तहत सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना और चिरायु योजना के तहत आज विभिन्न अस्पतालों में अपना ईलाज करवा रहे हैं। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल सिंह गोंदर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश की सरकार ने अच्छे समन्वय के साथ देश और प्रदेश में विकास की बहार शुरू कर रखी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विधानसभा क्षेत्रो में सामान दृष्टि से विकास कार्य किए हैं।
इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल सिंह गोंदर, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि अमरनाथ सौदा, भाजपा नेत्री मीना चौहान, भाजपा नेता हरपाल कलामपुरा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, डीडीपीओ राजबीर सिंह, बीडीपीओ निसिंग मोनिका सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी व संबंधित गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

वाहन चोर काबू, मोटरसाइकिल और एक्टिवा बरामद

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एंटी व्हीकल थेफ्ट की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुमित उर्फ काका पुत्र सुरेश कुमार वासी हांसी रोड करनाल को हांसी रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी सुमित ने पुराना बस स्टैंड करनाल से 13 और 30 सितंबर को एक्टिवा व मोटरसाइकिल की चोरी की थी। इस संबंध में थाना शहर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी पहले भी चोरी, छीना झपटी के करीब 12 मुकदमों में जेल जा चुका है। आरोपी जल्दी अमीर बनने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अज्ञात चोरों ने गांव जलमाना के एटीएम में किया लूट का प्रयास

रुपए न निकलने पर एटीएम मशीन और सीसीटीवी कैमरों को तोड़ा

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
जिले के जलमाना गांव में आधी रात को चोरों ने एटीएम में लूट की कोशिश की। चोर कैश नहीं निकाल पाए तो उन्होंने मशीन के साथ जमकर तोडफोड़ की। इतना ही नहीं चोरों ने सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ डाला। मौके पर पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटाएं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
रविवार देर रात को करीब सवा 12 बजे से एक बजे के बीच चोर एटीएम बूथ में दाखिल हुए थे। एटीएम पंजाब एंड सिंध बैंक का है, जो गुरुद्वारा की दुकानों में

स्थित है। चोर एटीएम से कैश नहीं निकाल पाया, क्योंकि मशीन काफी मजबूत थी। पैसे निकालने के लिए चोरों ने मशीन को तोडना शुरू किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। असलियत किसी के सामने न आ जाए इसके लिए चोरों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने यह काम इस तरह से किया कि किसी को शोर तक सुनाई नहीं दिया और भनक तक नहीं लग पाई। सुबह जब लोग सैर करने के लिए घर से निकले तो उन्होंने एटीएम बूथ के शटर के ताले टूटे हुए देखे। इसके बाद मामले की सूचना बैंक अधिकारियों व पुलिस को दी गई। सूचना के बाद जलमाना चौकी के इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बैंक मैनेजर दिनेश कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोहतक के पुलिसकर्मी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
स्टौंडी गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रोहतक के पुलिस कर्मचारी जसमेर सिंह की मौत हो गई। वह हाल ही में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था और मधुबन में ट्रेनिंग पर था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा शव उनके हवाले कर दिया जाएगा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार जसमेर मूल रूप से सफीदों के हाट गांव का रहने वाला था, जो अब रोहतक के विजय नगर में परिवार के साथ रह रहा था। 3 माह पहले ही जसमेर पुलिस की 5वीं बटालियन में भर्ती में हुआ था। वह अभी मधुबन में ही ट्रेनिंग सेंटर पर ट्रेनिंग ले रहा था। रविवार को वह अपनी बहन राजबाला के घर गांव बल्ला में गया हुआ था।
सोमवार सुबह वह अपनी बहन के घर से ही बुलट बाइक पर सवार होकर मधुबन में ट्रेंनिंग पर आ रहा था। जब वह गांव स्टौंडी के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर की इतनी जबरदस्त थी कि करीब 30 मीटर तक जसमेर पर बाइक सहित सडक पर घसीटता हुआ गया। जैसे ही बाइक सडक पर गिरी तो जसमेर का सिर सडक से जा टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जसमेर करीब 15 साल आर्मी में भी देश सेवा कर चुका है। आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद वह पुलिस में 3 माह पहले ही भर्ती हुआ था।
सदर थाना के जांच अधिकारी अजायब सिंह ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटक संध्या छाया का मंचन 11 को

टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना
महेन्द्रगढ़। रामलीला परिषद् के भव्य राजाराम पालड़ी रंगमंच पर अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटक संध्या छाया का मंचन 11 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख एवम जिला अध्यक्ष इनलो सुरेंद्र कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।जयवंत दलवी द्वारा लिखित सुदेश शर्मा द्वारा निर्देशित थिएटर फॉर थिएटर ग्रुप चंडीगढ़ द्वारा इस नाटक के दो सौ से भी अधिक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर शो किए जा चुके है।

अज्ञात बदमाश ने कार पर की फायरिंग, एक को लगी गोली

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुगल कनाल पर दिन-दहाड़े एक कार पर गोलियां बरसाने वाले आरोपी का सीसीटवी फुटेज सामने आया है, जिसमें बदमाश फायरिंग करता हुआ नजर आ रहा है। आरोपी की पहचान कर ली गई है, लेकिन अभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।
सीसीटीवी के मुताबिक एक बदमाश एक स्कूटी पर आया। स्कूटी खड़ा करने के बाद वह सडक के बीचोंबीच खड़ा हो गया। उसने हेलमेट लगाया हुआ था। कुछ समय के बाद वहां एक कार आई, जिसमें करनाल के कोट मोहल्ला निवासी राजेश अपने 4-5 साथियों के साथ सवार था। तभी बदमाश ने पिस्तौल निकाली और गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस पर कार चालक ने तेजी से वहां से अपनी गाड़ी भगाई, लेकिन इस बीच राजेश को गोली लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अब सीसीटीवी के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की जुगत लगा रही है। जानकारी के अनुसार दिसंबर 2015 में नरसी गांव निवासी संजय रोड की गैंगवार के चलते हत्या कर दी गई थी। इस मामले में करीब 15 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इन आरोपियों में कोट

मोहल्ला निवासी राजेश का भी नाम आया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल राजेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। राजेश कुछ साल पहले जमानत पर बाहर आया था।
बीती 6 अक्टूबर को राजेश अपने साथियों के साथ कोर्ट में पेश होने के बाद वापस लौट रहा था। इस बीच रास्ते में स्कूटी और बाइक पर आए बदमाशों ने उन पर गोलियां चला दी। राजेश को पैर में गोली लगी है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।
सीआईए इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि फायरिंग के मामले में एक स्कूटी पर आए बदमाश की शिनाख्त हो गई है, जिसका नाम इंद्र है और वह गांव जरीफा फार्म का रहने वाला है। घर पर पुलिस गई थी, लेकिन आरोपी और उसका पूरा परिवार फरार है। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

टैगोर बाल निकेतन स्कूल में लगाया गया साइबर जागरूकता कैंप

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के कुशल मार्गदर्शन एवं एजीडीपी क्राइम ओपी सिंह के दिशा निर्देश के तहत पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत जिला पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस की विभिन्न टीम प्रतिदिन आमजन को साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है।
साइबर थाना टीम ने आज टैगोर बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर क्राइम के प्रति

विद्यार्थियों एवं स्टाफ को जागरूक किया गया। टीम से मुख्य सिपाही विनोद, सिपाही लवकेश और सिपाही रौनक ने बताया कि फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलरशिप के लिए संपर्क करें और घर बैठे लाखों कमाएं जैसे, केवाईसी व अन्य बैंकिंग कार्यो के लिए आये काल से रहे सावधान रहें।
टीम के सदस्यों ने बताया कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्यः//222.ष4ड्डद्गह्म्ष्द्बद्बद्ग.द्द श1.द्बठ्ठ, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व नजदीकी पुलिस थाना या चौंकी में सूचना दें। 1930 पर तुरंत प्रभाव से शिकायत दकरे ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाए और वित्तीय हानि से बचें।
साइबर जागरूकता अभियान की कड़ी में एसपी शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में साइबर अपराधों बारे छात्रों और स्कूल स्टॉफ को साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

'15 नवंबर तक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करें नागरिक'

वर्ष 2023-24 के सम्पत्ति कर पर उठाएं 15 प्रतिशत छूट का लाभ, निगम के खजाने में 5 करोड़ से अधिक सम्पत्ति कर जमा

करनाल/टीम एक्शन इंडिया
सम्पत्ति कर दाताओं के लिए एक बार फिर राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार की ओर से अपनी सम्पत्ति को स्व-प्रमाणित (सेल्फ सर्टिफिकेशन) करने पर दी जाने वाली छूट की अवधि बढ़ा दी गई है, जिन्होंने चालू वित्त वर्ष 2023-24 कासम्पत्ति कर अभी तक अदा नहीं किया है, वे आगामी 15 नवंबर तक अपना सम्पत्ति कर भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से अपनी सम्पत्ति को स्व-प्रमाणित करने पर दी गई छूट की अवधि को बढ़ाया गया है, जो आगामी 15 नवंबर तक लागू रहेगी। इससे पहले यह छूट 30 सितंबर तक थी। उन्होंने बताया कि सरकार की इस छूट से प्रत्येक वर्ष समय पर अपना सम्पत्ति कर भरने वाले नागरिकों को लाभ मिलेगा। इसके साथ-साथ जिन नागरिकों का पिछले कई वर्षों से सम्पत्ति कर बकाया चला आ रहा है, उन्हें भी सम्पत्ति कर जमा करवाने पर चालू वर्ष के बिलों पर इस छूट का लाभ मिलेगा।
कैसे करें प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित- अतिरिक्त आयुक्त ने बताया

कि नागरिक, एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति कर आई.डी. डालकर उसे स्व प्रमाणित कर सकते हैं। ऐसा करना बहुत आसान है। जैसे ही इसमें डिटेल आएगी, उसे ध्यान से पढ? के बाद, जो ठीक दिखाई दे, उसे येस करें, जो ठीक न हो, उसमें नो करके साथ-साथ आपत्ति दर्ज कर दें। डाली गई आपत्ति का समाधान हो जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं अपनी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करके छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 नवंबर है। इसमें एक फायदा यह भी है कि ऐसा करने के बाद अपनी आई.डी. को सम्बंधित नागरिक ही देख सकता है, अन्य कोई व्यक्ति उसे नहीं देख पाएगा।
निगम के खजाने में 5 करोड़ से अधिक टैक्स जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक 5 करोड़ रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो चुका है। निगम द्वारा शहर में एसेसमेंट नोटिस भी बांटे जा रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति को नोटिस की प्राप्ति नहीं होती, तो वह अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. से निगम के काउंटर पर आकर या ऑनलाईन ह्वद्यड्डद्धह्व4ठ्ठस्त्रष्.शह्वद्द पोर्टल पर सम्पत्ति कर की जानकारी लेकर उसे अदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर को पोर्टल पर ऑनलाईन जमा करवाने की भी सुविधा है। ऐसा करने पर सम्बंधित व्यक्ति को चालू वित्त वर्ष के बिल पर 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।
सम्पत्ति आंकलन के 1 लाख 35 हजार नोटिस बांटे- उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधीन सभी वाणिज्यिक, आवासीय एवं खाली प्लॉटों के एसेसमेंट नोटिस बांटे जा रहे हैं। अब तक 1 लाख 35 हजार नोटिस बांटे जा चुके हैं। एसेसमेंट नोटिस में समस्त डिटेल होगी।

'समाज की उन्नति में हमारी व देश की उन्नति संभव'

उपायुक्त ने महिलाओं को सिलाई मशीने व डिप्लोमा किये वितरित, श्रम विभाग द्वारा संचालित की जा रही कैंटिन का भी किया निरीक्षण, राज्य सरकार की योजनाएं आम व्यक्ति के हित के साथ जुड़ी

टीम एक्श इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन
स्वर्णकार समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किये गये सिलाई वितरण समारोह में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लेते हुए कहा है कि अपनी उन्नति के लिए समाज की उन्नति अनिवार्य है। जब समाज सुखी रहेगा, तभी हम सुखी रहेंगे। हमें समाज की सेवा अवश्य रूप से करनी चाहिए। इस मौके पर उपायुक्त ने महिलाओं को सिलाई मशीने व डिप्लोमे वितरित किये। उपायुक्त ने इस दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित की जा रही कैंटिन का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा

कि सरकार की ऐसे बहुत सी योजनाएं है जिनके साथ जुडक? आम व्यक्ति अपने जीवन में बदलाव ला सकता है।
उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा करना हम सभी मनुष्यों का उत्तरदायित्व है। इसे हमें अपना नैतिक कर्तव्य समझते हुए यह नेक कार्य करना चाहिए इससे गांव की उन्नति होगी, समाज की उन्नति होगी और राष्ट्र की उन्नति होगी।
उपायुक्त ने कहा कि समाज सेवा में जनहित का कल्याण छुपा है। जो लोग समाज सेवा करते हैं वे सदैव प्रसन्न रहते हैं। उनका देश दुनिया में नाम होता है। समाज के लिए वे लोग प्रेरणा बनते हैं। ऐसी भी हमारे मध्य मान्यता है कि समाज सेवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। मनुष्य के साथ रुपया, पैसा कुछ साथ नहीं जाता बल्कि व्यक्ति द्वारा किये गये नेक व ईमानदरी से किये गये कार्य ही मनुष्य के साथ जाते हैं। जिन्हे लंबे समय तक भुलाया नहीं जाता।
उपायुक्त ने कहा कि यह कल्याण कार्य तभी सम्भव हो सकता है जब वह सामाजिक मूल्यों को अपनी क्रियाविधि में समाहित करे, क्योंकि मूल्य ऐसे सामाजिक प्रतिमान, लक्ष्य तथा आदर्श होते हैं जिनके आधार पर सामाजिक परिस्थितियों तथा व्यक्ति के व्यवहार का मूल्यांकन किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है समाजसेवा का भाव। निस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद और समाज सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। समाजसेवा के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं रहती। यदि पद लिया हो तो उसका महत्व समझकर अपने दायित्व का निर्वहन करना ही सच्चे समाजसेवी का धर्म है। इस मौके पर पूर्व मेयर सुरेश वर्मा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

'कार्यशाला शिक्षा के स्तर को सुधारने व चुनौतियों से निपटने में होगी कारगर सिद्ध'

विधायक सुरेंद्र पंवार ने नई दिल्ली में आयोजित "शिक्षा" विषय पर राष्ट्रीय वर्कशॉप में की शिरकत

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।
विधायक सुरेन्द्र पंवार ने नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में शिक्षा विषय पर राज्य विधायकों के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यशाला में मुलाना से विधायक वरुण चौधरी, मंडी डबवाली से विधायक अमित सिहाग ने भी भाग लिया।
दो दिवसीय कार्यशाला में देशभर के विभिन्न राज्यों से करीब 60 विधायकों ने भाग लिया। प्रथम दिन तीन चरणों में कार्यशाला के सत्र को विभाजित किया गया। प्रथम चरण में अनुसंधान व शिक्षा विषय पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. दीपक ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है। प्रत्येक स्तर पर भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में कई शासन केंद्र, और विविध पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस सत्र का उद्देश्य क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को हल करने में मदद के लिए अनुसंधान को नियोजित करने के महत्व पर प्रकाश डालना है। इसके उपरांत अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर इंदु प्रसाद ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। अंतिम चरण में शिक्षा व तकनीक के बारे में इक स्टेप फाउंडेशन के चीफ ग्रोथ ऑफिसर गौरव गुप्ता ने व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि महामारी ने हमें शिक्षा में प्रौद्योगिकी को नियोजित करने की क्षमता से अवगत कराया है। चूंकि कोविड के बाद की दुनिया में इसका उपयोग जारी है, इसलिए यह समझना मददगार होगा कि राज्य के हर बच्चे के लिए शिक्षा की पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ कैसे उठा सकते हैं। इस सत्र में चर्चा की गई कि इसे कैसे संभव बनाया जाए, साथ ही हमारे जैसे विकासशील देश में मौजूद डिजिटल विभाजन पर भी विचार किया गया।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शिक्षा के विषय पर आयोजित कार्यशाला शिक्षा के स्तर को सुधारने व शिक्षा के क्षेत्र में आए दिन आने वाली चुनौतियों से निपटने में बहुत ही कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विधायकों के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए, ताकि समय-समय पर शिक्षा के बारे में जो सुधार लाने हो, यहां से अर्जित ज्ञान के उपरांत उसे लागू करवाया जा सके।

न्यूज फ्लैश

डॉक्टरों की टीम ने सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को जांचा। इस दौरान उन्होंने गायनी वार्ड में जाकर रोगियों से बातचीत की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। टीम ने अस्पताल में दी जा रही दवाईयों को भी जांचा तथा यह भी कहा कि सरकार द्वारा रोगियों के लिए अनेक प्रकार की दवाईयां इलाज के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है। ऐसे में रोगियों को पर्याप्त दवाईयां दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

मंजू यादव ने जन्मदिन पर देह दान की शपथ लेकर युवाओं को दी प्रेरणा

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा
नारनौल । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़े के तहत जिला के युवा देहदान की शपथ लेने को आगे आ रहे हैं। नारनौल निवासी मंजू यादव ने आज इसी अभियान के तहत ऑनलाइन देहदान की शपथ लेते हुए सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

मंजू यादव पत्नी सुरेंद्र यादव ने बताया कि यह कार्य उन्होंने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में किया है। उनका मकसद है कि उनके मरने के बाद यह शरीर किसी के काम आए। उन्होंने अन्य युवाओं से भी आह्वान किया है कि वह ऑनलाइन देहदान की शपथ लेकर तथा देश के इस बड़े अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा है कि यह चाहते हैं कि उनकी आंखें व फेफड़े सहित तमाम शरीर के अंग किसी व्यक्ति को नया जीवन दान दें। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने अपने जन्म दिवस पर यह शपथ ली है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का शरीर कई लोगों के जीवन के दुख दूर कर सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह एक व्यक्ति के मृत्यु के बाद अपने अंगदान करके समाज सेवा का अद्वितीय माध्यम हो सकता है। इसके माध्यम से उनका जीवन दूसरों के लिए उपयोगी हो सकता है, जैसे कि उनके अंगदान के द्वारा आवश्यक सामग्री को दरिद्र और जरूरतमंद लोगों के लिए दान करने का अवसर हो सकता है।

आम आदमी पार्टी के परिवार जोड़ो अभियान को मिल रहा है जनता का भरपूर समर्थनः जगबीर जोगनाखेड़ा

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) बिजली आंदोलन के बाद आम आदमी पार्टी संगठन में विस्तार करने के लिए अब परिवार जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कार्यकर्ता प्रदेश भर में लोगों के घरों तक पहुंच कर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम कर रहा है। इस अभियान के तहत तकरीबन 49 लाख परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। ये जानकारी आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने आप कार्यकताओं की बैठक के उपरांत पत्रकारवार्ता के दौरान दी।
जगबीर ने बताया कि इस अभियान के लिए प्रत्येक गांव में 21 सदस्यीय कमेटी बनाई जा रही है। जो हर बूथ तक इस अभियान को लेकर जाएगी और आम आदमी पार्टी ढाई लाख कार्यकर्ता को अपने साथ जोड़ेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले चुनाव के चलते प्रत्येक कार्यकर्ता दिल्ली और पंजाब के विकास कार्यों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान लोगों का पार्टी को भरपूर समर्थन मिल रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक थानेसर हल्के प्रत्येक गांव की 70 प्रतिशत कमेटियां बनाई जा चुकी है। प्रतिदिन पार्टी की नीतियों से व प्रभावित होकर लोग पार्टी में शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि पार्टी का परिवार जोड़ों अभियान हरियाणा की राजनीति में मील का पत्थर साबित होगा।ये अभियान लोगों से मिलने का नही बल्कि पूर्ण रूप से जोड़ने का कार्यक्रम है। जिलाध्यक्ष ने मौजूदा गठबंधन सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

13 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र के करीब 1.5 लाख विधार्थी देंगे यातायात नियमों की परीक्षा: प्रदीप

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा 13 अक्टूबर 2023 को करवाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-दर्शन में होने वाली इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार ने बताया कि इस परीक्षा

को लेकर पुलिस विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर एक प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में करीब 1.5 लाख विधार्थी इस परीक्षा में बैठने वाले हैं। डीएसपी ने कहा कि इस परीक्षा का मतलब हर बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ यातायात नियमो की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है।
इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार ने अपने कार्यालय में यातायात परीक्षा को लेकर पुलिस विभाग के कर्मचारियों के साथ मीटिंग के दौरान दी।

बाजरा चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना
महेन्द्रगढ़ । रात के समय कमरे में घुसकर बाजरा चोरी करने के मामले में थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान खुडाना निवासी पवन और राजेंद्र के रूप में हुई है। आरोपितों को पुलिस ने कल रात गांव खुडाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों के पास चोरी किए हुए बाजरे के कट्टे बरामद कर लिए हैं। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेन्द्र पाल वासी खुडाना ने आकोदा चौकी में बाजरा चोरी होने की शिकायत दी। जिसमे उसने

बताया कि उसके प्लॉट के कमरे मे बाजरा रखा हुआ था। दिनांक 7/8 अक्टूबर की रात्री को उसके गांव के दो व्यक्ति बाजरे के चार कट्टे चोरी कर गए। शिकायतकर्ता ने दो नामजद के खिलाफ बाजरा चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे बाजरा बरामद कर लिया।

राहुल गांधी पर दिया बयान, भाजपा की ओछी मानसिकता को दशार्ता है: कृष्ण राव

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा
नारनौल। भाजपा द्वारा राहुल गांधी की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक आपत्तिजनक बयान जारी किया है जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया । प्रदर्शन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से लेकर महावीर चौक तक विरोध प्रदर्शन किया व चौक पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा का पुतला फूंका , प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रभारी नरेश सेलवाल ने किया वहीं युवा कांग्रेस के सैकड़ों युवाओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण राव के नेतृत्व में हिस्सा लिया । प्रदर्शन को सम्भोधित करते हुए

कृष्ण राव ने कहा कि भाजपा द्वारा राहुल गांधी पर दिए बयान से लेकर आज पूरे देश का कांग्रेस कार्यकर्ता आहत है । भाजपा द्वारा दिया गया इस बयान से उनकी ओछी मानसिकता को दशार्ता है । कृष्ण राव ने कहा कि चुनावी माहौल में ये भाजपा की सुनियोजित साजिश है, जिसका मुख्य उद्देश्य केवल आमजन को मुद्दों से भटकाने का है। कृष्ण राव ने कहा कि जिस प्रकार से आज देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार से , किसानों को एमएसपी से , गरीबों को राशन से , बुजुर्गों को पेंशन से , दलित - पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने का काम किया है।

साईबर अपराधों से बचने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओ.पी. सिंह के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में सुबह हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साईबर अपराधो के बारे जागरूक किया और साईबर अपराधो से बचने के उपाये बताए। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर थाना अम्बाला की निरीक्षक सतविन्द्र कौर व साईबर सैल अम्बाला इन्चार्ज उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी।

गोल्ड मेडल जीतकर लौटी टीम का किया स्वागत

पानीपत, कमाल हुसैन
मधुबन हरियाणा में आयोजित 72 वीं अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लौटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की पुरुषों की कबड्डी टीम के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिफाइनरी मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक तरुण कुमार बिसई ने शिरकत की और खिलाड़ियों का स्वागत किया ।
तरुण कुमार बिसई ने खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल जीतने की बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी का खेल भारत के गांवों में खेला जाने वाला सबसे प्रसिद्ध और जमीनी

स्तर से जुड़ा हुआ खेल है । जिसमें खिलाड़ी को अपना पूरा दमखम दिखाना पड़ता है । उन्होंने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है । आज के समय में कबड्डी के खेल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है । जिसमें हमेशा ही भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहता है ।
डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर लौटी टीम का स्वागत कर बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए सीआईएसएफ का नाम रोशन किया है । आप लोग आगे भी इसी प्रकार अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन जारी रखेंगे ।
कोच वजीर सिंह ने बताया कि 72 वीं अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में पुरुषों की कबड्डी की लगभग 36 टीमों ने भाग । जिसके फाइल मुकाबले में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने राजस्थान पुलिस टीम को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है । उन्होंने बताया कि इससे पहले 2011 में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने गोल्ड मेडल जीता था । इस अवसर पर रिफाइनरी से महा प्रबंधक विवेक नारायण, संजय शर्मा , सहायक कमांडेंट पुष्पा देवी , इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुंडु , सहायक कोच बारु सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

विधायक असीम गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते लोगों को समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करवाना उनका दायित्व हैं। उन्होनें कहा कि लोगों की जो समस्याएं एवं शिकायतें है उनका भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएगें। असीम गोयल नन्यौला ने प्रेम नगर स्थित अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सम्बधिंत अधिकारियों को कहा कि लोगों की जो सामुहिक समस्याएं है, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गांव जंधेडी व मैहला से गांव वासी गोहर बनवाने बारे, चुगना गांव के लोगों ने सरकार की योजना के तहत कच्ची छत बनवाने बारे, गांव बकनौर से आए लोगों ने डार0 भीम राव अम्बेडकर भवन बनवाने बारे तथा अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायतें रखी। इसके साथ-साथ अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायतें विधायक के समक्ष रखते उनका निवारण करने बारे अनुरोध किया। इस दौरान जनसुई के पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री सोमनाथ जनसुई व सरपंच प्रतिनिधि राकेश काका ने विधायक से मिलकर गांव जनसुई के राजकीय स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल में चयन करवाने के लिये गांव वासियों की तरफ से उनका धन्यवाद किया।
विधायक असीम गोयल नन्यौला ने जनसुनवाई के दौरान आए लोगों को यह भी कहा कि जो भी शिकायत या समस्या रखी गई है, उन सभी का निवारण करने का काम किया जाएगा। विधायक ने कहा कि विकास कार्यो से सम्बधिंत जो भी कार्य हैं उन्हें चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हितेश जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, निर्मल सिंह, रितेश गोयल, छिंदा चुगना, मनप्रीत सिंह, रघुवीर नडियाली, आर्यन बतरा, संजीव गोयल टोनी, पार्षद शोभा पूनिया, पार्षद सुरेश सहोता के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

एसडी कॉलेज में प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

डीन डॉ जयदीप चौहान ने लेने के पीछे के विचार को समझाया

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
सनातन धर्म कॉलेज, अम्बाला छावनी में कॉलेज के युवा एवम सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा एवम सांस्कृतिक विभाग के डीन डॉ जयदीप चौहान ने इस विषय को लेने के पीछे के विचार को समझाया। इसका उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्श करने के लिए जागरूक करना रहा है। इस कार्यक्रम को संयोजित करने में प्रो. मोनिका शर्मा एवम डॉ अनिता बिंदल ने अहम भूमिका निभाई। जन संपर्क अधिकारी डॉ नवीन गुलाटी ने

कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हमें भारत वर्ष की अनेकता में एकता एवम भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
इस कार्यक्रम में 3 प्रतियोगिताओं स्लोगन राइटिंग, रंगोली मेकिंग और उत्कर्ष परिधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ नवीन गुलाटी, प्रो. हररूप विर्क, डॉ परमजीत कौर, डॉ प्रेम सिंह, डॉ सतबीर सिंह, डॉ संदीप फुलिया, प्रो हीना, डॉ दिव्या जैन, प्रो. नीतू ने निभाई। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर जिया, दूसरे स्थान पर पलक एवम तीसरे स्थान पर गुंजन रही।

पराली जलाने से होता है बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान

टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन
उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को और गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व है। पराली जलाने से पर्यावरण का बड़े स्तर पर नुकसान होता है। उपायुक्त ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को निर्देश दिये की वे पराली जलाने की घटना ना घट सके इसको लेकर लोगों के बीच जाकर पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत करायें। उपायुक्त ने बताया कि सरकार उन किसानों को प्रति एकड़ 1 हजार रुपये की मदद करेगी जो किसान अपने खेत में पराली को दबायेंगे व उसे जलाने का परहेज करेंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे यह सुनिश्चित करें की जहां-जहां किसान धान की कटाई कर रहे हैं उन स्थानों पर निगरानी बरते व ग्राम सचिवों व पटवारियों को निर्देश दिए की वे रोजाना बैठक करके अपने आप को अपडेट रखें। उपायुक्त ने बताया कि पराली प्रबंधन को लेकर सभी ग्राम सचिवों व पटवारियों को सख्त हिदयत दी गई है कि वे क्षेत्र में अपनी ड्यूटी निष्ठद्दापूर्वक करें ताकि किसी भी प्रकार की पराली से जुड़ी समस्या से निपटा जा सके।

विहिप और बजरंग दल ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर से शौर्य जागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया।
यह यात्रा क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए जहांगीरपुरी ईई ब्लॉक पर जाकर संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान मुख्य उद्बोधन संघ के पदाधिकारी ईश्वर लाल ने दिया।

जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागतः सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल दिल्ली प्रांत की ओर से निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा का क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया।
लोगों में जागृति के लिए निकाली गई यात्राः पूर्व जोन चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि यह यात्रा हिन्दुओं में जन-जागरण के लिए निकाली जा रही है।

ये लोग रहे मौजूदः प्रेम शर्मा, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, राजीव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, ओम प्रकाश कौशिक, चौधरी ओम प्रकाश, देशराज गुप्ता, सुनील अवस्थी, अशोक बंसल, मनोज बाल्यान, वरूण त्यागी, श्वेता बत्रा, अर्चना त्यागी, कविता गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शालीमार बागः डीडीए पार्क में जगह-जगह से टूटा हुआ है ओपन जिम का फर्श

महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने विभाग से फर्श ठीक करने की मांग की

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके शालीमार बाग के प्रसिद्ध पार्क ठाकुर दास पार्क में ओपन जिम का फर्श कई दिनों से टूटा हुआ है। जिसके चलते यहां पर व्यायाम करने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि यह पार्क डीडीए के अधीन है। लेकिन डीडीए इस पार्क की देख-रेख पर विशेष ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण से जहां एक और ओपन जिम का फर्श जगह-जगह टूटा हुआ है, वहीं पार्क में कई अन्य सुविधाएं भी

रामभरोसे है। उन्होंने आगे बताया कि फर्श टूटे होने की वजह से जिम करने वाले को चोट लग सकती है। इस पर विभाग को विशेष ध्यान देना चाहिए और समस्या का समाधान करना चाहिए।
जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि सांसद डॉ. हर्षवर्धन के निजी सचिव द्वारा भी इस संबंध में डीडीए अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है, मगर कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है।
मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने डीडीए के अधिकारियों से मांग की है ओपन जिम का फर्श ठीक करवाया जाये।

दयानंद वत्स ने कांशी राम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज बरवाला एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में दलितों और शोषितों के सामाजिक एकीकरण के मसीहा मान्यवर कांशी राम के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि कांशीराम के संघर्ष पूर्ण जीवन को मैंनें नजदीक से देखा है। उन्होंने दलितों, शोषितों और वंचितों के एकीकरण में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। वे सच्चे अर्थों में कमजोर वर्ग के हितैषी थे।

रानी बागः सभी को करनी चाहिए सच्चे मन से भगवान की आराधनाः मेहरा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
भगवान को आप अगर पत्थर में देखोगे तो पत्थर में भगवान मिलेंगें, अगर देखोगे दीवारों पर पानी से बनी परछाई में तो वहां भी भगवान दिखाई पडेंगे, अगर बादलों में भगवान देखोगे तो बादलों में भी दिखाई पडेंगे,और किसी मानव में भगवान तराशोगे तो मानव रूप में भी भगवान विराजमान दिखेंगे।
रानी बाग के रहने वाले समाजसेवी व मैत्री गणपति परिवार महोत्सव के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि भगवान वैसे तो सभी जगहों पर विराजमान हैं, लेकिन आस्था होनी चाहिए उसको देखने कि महसूस करने की। दीपक मेहरा ने कहा कि महालक्ष्मी पर्व वैसे तो

वैदिक काल से चला आ रहा है। देवता राजा, महाराज 16 दिन के पर्व को बड़ी नियम और विश्वास से मानते थे। यह पारंपरिक त्यौहार महाभारत काल से ज्यादा प्रचलित हुआ। जब युधिष्ठिर को अलग राज्य मिला तो संपति नहीं मिली तब भगवान श्री कृष्ण जी ने पांडवों से महालक्ष्मी पूजन करने को कहा। महारानी कुंती ने 16 दिन का व्रत किया और महालक्ष्मी जी का आहवान करने का प्रण किया। जब दुर्योधन को पता चला तो उसने भी ऐसे ही व्रत करने के लिए आयोजन किया और सारे हाथी अपने राज्य में बुला लिए और कुंती के व्रत के लिए कोई भी महालक्ष्मी जी की हाथी की सवारी नहीं मिली। तब अर्जुन ने स्वर्ग से दिव्य अरवत हाथी को अपने तीर से धरती पर लाए उसके बाद ही मय दानव द्वारा दिव्य पांडव महल का निर्माण किया और पांडवों को अनंत धन की प्राप्ति हुई।

खेत हमारे, गांव हमारे, डीडीए मालिक क्योंः पंचायत

मांग...

▶▶ गांव पहले थे या कॉलोनी जिन्हें मालिकाना हक दिया जा रहा है। गांवों को क्यों नहीं दिया जा रहा हक।

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली देहात व गांवों की 18 सूत्री मांगो को लेकर पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रहम प्रकाश के पैतृक गांव शकूरपुर में हुई महा पंचायत को 2 अक्तूबर 2023 को एक वर्ष होने पर दिल्ली पंचायत संघ के पंच प्रमुखों व मुख्य पंचायत प्रमुखों की बैठक बुलाई गई। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह

यादव ने कहा कि 18 सूत्रीं मांगो व गांवों को लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक न देने के कारण संबंधित शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व दिल्ली के केंद्र में जल्द ही बड़ा आंदोलन करने के प्रस्ताव पर सहमति बनी।
लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक दे सरकारः पंचायत ने प्रधानमंत्री भारत सरकार से दिल्ली के गांवों को लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक, संपत्ति कर से मुक्ति, रोजगार के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी, सील संपति खोले, बढा हुआ सर्कल रेट लागू करें आदि 18 सूत्रीं मांगो को पूरा करवाने की मांग की है।
दिल्ली देहात व गांवों के साथ सौतेला व्यवहारः पंचायत संघ का कहना है कि गांव पहले थे या अनधिकृत कालोनी व झुग्गीयां जिन्हें मालिकाना हक दिया जा रहा है। तो दिल्ली के गांवों को क्यों नहीं।
आगामी चुनावों में झेलना पड़ेगा आक्रोशः पंचायत संघ ने दिल्ली देहात व गांव के नेताओं निगम पार्षदो, विधायकों, सांसदो सभी को आवाहन किया की, वह दिल्ली के गांवों को मालिकाना हक दिलवाने का काम करें। नहीं तो आगामी सभी चुनावों में आपको गांवों का आक्रोश झेलना पड़ेगा।
जहां स्थान मिलेगा वहां महा पंचायत करेंगेः गांवो की 18 सूत्री मांगों का एक महीने में समाधान करने की मांग की है। मांगो का समाधान नहीं होने पर दिल्ली के केंद्र में कर्तव्य पथ, जंतर-मंतर जहां स्थान मिलेगा वहां महापंचायत करेंगे।

खटीक समाज की दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी हुई भंग

निर्णय ...

▶▶ कार्यकारिणी भंग करने का निर्णय अगस्त महीने की कार्यकारिणी की मीटिंग में आम सहमति से लिया गया।

एक्शन इंडिया टीम/नई दिल्ली
खटीक समाज ई संस्था की दिल्ली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर दिल्ली कार्यकारणी सितंबर 23 को भंग कर दी गई है और अग्रिम आदेश तक दिल्ली का कार्यभार परमानन्द पालीवाल देखते रहेंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बडगुजर ने बताया

की दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी भंग करने का निर्णय अगस्त महीने की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में आम सहमति से लिया गया था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जंग बहादुर के कार्यकाल में समाज के कई महत्वपूर्ण कार्य विधायक विशेष रवि के सहयोग से करोल बाग क्षेत्र में किए गए। जिसमें दुर्बल नाथ समुदाय भवन का नामकरण हो या दुर्बल नाथ चौक पर एलईडी लाइट लगवाना।
संस्था ने किए कई सामाजिक कार्यः खटीक समाज ई संस्था ने कई सामाजिक कार्य किए हैं, जिसमें कि संस्था के दयाराम बडसीवाल, हरबंस नागर, संजय आसीवाल, परमानंद पालीवाल, राजू छिलवाल, विजय बडगुजर की अध्यक्षता में कई परिवारिक मसले दोनों पक्षो की सहमति से किए हैं। आज वह सभी परिवार सुखी जीवन व्यतीत कर रहे है। विजय बडगुजर ने आगे बताया की कुछ दिनों से खटीक समाज में देखने में आया है कि कुछ लोग तो स्वंय के सम्मान समारोह में अपने आपको को ही पगड़ी माला पहन खुद को सम्मानित करवाते है।

उद्घाटन भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने जहांगीरपुरी में किया कई विकास कार्यों का उद्घाटन

जनता के भरोसे पर खरे उतर रहे हैं निगम पार्षद अजीत यादव

तीरथ राज/नई दिल्ली
बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले भलस्वा वार्ड से निगम पार्षद अजीत यादव का अनुभव और कार्य करने की शैली से जनता काफी ज्यादा प्रभावित है। जहां एक और क्षेत्र में इनके पार्षद बनने के बाद से सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं, क्षेत्र में अतिक्रमण पर भी काफी हद तक लगाम लगी है। जनता का कहना है कि जो वादे अजीत यादव ने चुनाव के दौरान हमसे किये थे, उन पर वह खरे उतर रहे है। ऐसे विकास कार्यों को ही आगे बढ़ाते हुए निगम पार्षद अजीत यादव ने भलस्वा वार्ड के अन्तर्गत आने वाले के ब्लॉक की 900 वाली गली में गली

के कार्य का उद्घाटन किया।
वादे के पक्के है पार्षद अजीत यादवः उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनता ने कहा कि निगम पार्षद अजीत यादव वादे के पक्के है, जो वादे निगम पार्षद अजीत यादव ने हमसे किये थे, उसे पूरा करके दिखाया है।
स्थानीय लोगों ने पार्षद का किया स्वागतः जहांगीरपुरी के ब्लॉक के

स्वागत...

▶▶ स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत कर इस कार्य के लिए किया धन्यवाद।

निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का फूल मालाओ से स्वागत किया, तो वहीं बुजुर्गों ने अजीत यादव को आशीर्वाद भी दिया।
जनता से किये सभी वादे पूरे कर रहा हूंः पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। आज के ब्लॉक में गलियों का उद्घाटन किया गया है। यहां पर जो गली ठीक नहीं थी, उनको बनवाया गया है।
क्षेत्र में करवाई जा रही है फोगिंगः पार्षद ने कहा कि क्षेत्र में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया को देखते हुए फोगिंग करवाई जा रही है और डेंगू और मलेरिया से लोगों को बचाने के उपाय भी निगम कर्मचारियों की ओर से बताये जा रहे है।
ये लोग रहे मौजूदः आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, संगठन मंत्री अकबर खान, राजू ठाकुर और वार्ड के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जहांगीरपुरी वार्ड में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा जनता की समस्याओं को सुनते हुए। साथ में है समाजसेवी रमेश शर्मा व अन्य गणमान्य लोग।

'प्रधानमंत्री मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया और मुख्यमंत्री मनोहर ने हरियाणा का सम्मान'

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में आज देश न केवल सुरक्षित है बल्कि उत्तरोत्तर प्रगति की तरफ बढ़ रहा है। आज हिंदुस्तान की तरफ बाकी के मुल्क टकटकी लगाए देखते हैं जबकि कोई समय रहा था कि यहां पर बेचारी सरकार हुआ करती थी। यह बात हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कही। वह यहां एत्मादपुर में आयोजित तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके संयोजक स्थानीय विधायक राजेश नागर थे।

उन्होंने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय योजना को साकार करते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया, नहीं तो एक समय ऐसा था कि सरकारों के मुखिया कहते थे एक रुपया चलता है 10 पैसे पहुंचते हैं। धनखड़ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने विभिन्न लोक हितकारी योजनाओं की न केवल घोषणा की बल्कि जनता तक उनको पहुंचने का काम किया। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षा के भाव से देख रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता की उम्मीद पर खरी उतर रही है और हमारी सरकार ने कोई ऐसा वादा नहीं किया जिसे पूरा ना किया जा सका। उन्होंने कहा कि लोग कहते थे कि धारा 370 हटाई नहीं जा सकती है। लोग कहते थे कि खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन क्या आप में से कोई बता सकता है कि एक कतरा भी कहीं बहा क्या। धारा 370 ऐसा कोढ़ था देश के माथे पर जिसे पीएम मोदी ने हटाया।

धनखड़ ने कहा कि आज 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है तो वह व्यक्ति प्रधानमंत्री को अपने मुखिया के रूप में देख रहा है। हमारे देश ने कोरोना जैसा भीषण काल देखा है। जिसमें न केवल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने देश संभाला बल्कि दुनिया के अन्य मुल्कों को भी सहारा दिया। यही कारण है कि आज 150 देश भारत की तरफ आशा भरी दृष्टि से देखते हैं। आज बड़े-बड़े मुल्कों के देश मोदी को बॉस कहते हैं। धनखड़ ने कार्यकताओं से इसी प्रकार एकजुटता से और पूरी लगन के साथ जुटे रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भारत का होगा।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजेश नागर ने कहा कि पन्ना प्रमुख हमारी विधायिकी की योजना का प्रमुख स्तंभ हैं।

नेहरू कॉलेज में सात दिवसीय मतदान पंजीकर□शिविर किया गया शुभारम्भ

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में आज दिनांक 09 अक्टूबर 2023 से सात दिवसीय मतदान पंजीकरण शिविर का शुभाम्भ किया गया। जिसका संचालन डॉ0 अन्शू भट्ट न किया। महाविद्यालय के सैकडों विद्याथियों ने बढ-चढ कर भाग लिया।

प्राचार्या डॉ0 रूचिरा खुल्लर व डॉ0 सबीना सिंह एसो0 प्रो0 ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिन विद्यार्थियों तथा परिवार के सदस्यों के अभी तक वोट नही बनी है ऐसे सभी विद्यार्थियो व अभिभवकों के महाविद्यालय में चलाए गए मतदान शिविर में अपना-अपना मतदान पंजीकरण प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी को जमा करवाए। महाविद्यालय में प्रांरम्भिक दिन 93 विद्यार्थियों ने प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी के पास जमा करवाया। महाविद्यालय द्वारा सभी फॉर्म को निर्वाचन कार्यालय जमा करवा दिया गया है। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर अंशु भट्ट एवं टीम श्री अशोक अहलावत श्री संजीव कुमार, श्रीमती निधि गुप्ता, श्रीमती रजनी, श्रीमती कंचन जमीर, सुश्री सीता डागर एवं श्रीमती सुषमा आदि सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

13 अक्टूबर को सभी स्कूलों (प्राइवेट और सरकारी) में रोड सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। पुलिस माहनिदेशक शत्रुजीत कपूर, पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस के द्वारा शहर के सभी स्कूलों व कॉलेजों में रोड सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार को तथा एएसआई सुरेन्द्र को जिले का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्र- छात्राओं में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता लाने के लिए हर वर्ष की तरह फरीदाबाद के सभी स्कूलों (प्राइवेट और सरकारी) में रोड सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जाएगा। छात्रो के 4 स्लैब बनाए गए है। जिसमें 3ण्ि से 5ॅ , 6ॅ से 8ॅ , 9ॅ से 12ॅ और कॉलेज का ग्रुप बनाया गया है। 13 अक्टूबर को होने वाली प्रतियोगिता को संबंधित थाना की टीम आयोजित कराएगी। प्रत्येक स्कूल में प्रतियोगिता में से कुछ बच्चो को सिलेक्ट किया जाएगा। जिन बच्चो की फाईनल प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को ली जागी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चो को यातायात नियमों और रोड सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक करना है।

यातायात पुलिस ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंगला और एलिप्स कान्वेंट स्कूल जीवन नगर में 600 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा व बाल अपराध के प्रति किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में `ड विजय कुमार के द्वारा नंगला में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय और एलिप्स कान्वेंट स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं को ट्रैफिक नियमों, सड़क सुरक्षा व अन्य सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने नागरिकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए ट्रैफिक पुलिस को अहम दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत यातायात पुलिस स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले 600 छात्र छात्राओं को यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता अभियान चला रही है। इसी के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस की टीम आज नंगला और जीवन नगर में स्थित स्कूल प्रिंसिपल, शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं ने ट्रैफिक टीम का भव्य स्वागत किया। ट्रैफिक टीम ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि युवावस्था में छात्र बहुत जोशीले होते हैं और वह किसी भी वाहन को बहुत अधिक तेज गति में चलाने के लिए आतुर रहते हैं जिसकी वजह से बड़ी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसमें कई लोगों की जान भी चली जाती है। कुछ छात्र स्कूल से निकलते ही अपने कानों में हेडफोन लगाकर सड़क पर बिना ध्यान दिए चलते हैं जिसकी वजह से कोई भी वाहन उनके साथ टकरा सकता है जिसकी वजह से उन्हें गहरी चोट आ सकती है। इसके अलावा इस युवावस्था में कुछ बच्चे ट्रैफिक नियमों का बहुत अधिक उल्लंघन करते हैं और जल्दी-जल्दी में रेड लाइट जंप करके आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं जिसके कारण दूसरी दिशा से आ रहा वाहन उनके अंदर टकरा जाता है और वह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यातायात पुलिसकर्मियों ने छात्रों को समझाते हुए कहा कि वह अपने जीवन का मूल्य समझें। उनके साथ-साथ उनके माता-पिता और साथियों की बहुत सारी उम्मीदें जुड़ी होती हैं परंतु थोड़ी सी लापरवाही के कारण छात्रों का पूरा भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा सड़क सुरक्षा पर यात्रा करते समय सड़क सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा छात्र छात्राओं को बाल उत्पीड़न के बारे में जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि कुछ व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर बच्चों के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें बहुत गंदी गंदी गालियां भी निकालते हैं। ढाबों पर कुछ ढाबा मालिक बच्चों का उनकी मर्जी के खिलाफ बहुत अधिक शोषण करते हैं जिसकी वजह से बच्चों में मानसिक रूप से तनाव पैदा हो जाता है। इस प्रकार से यदि छात्रों को कोई भी बच्चा शोषण का शिकार मिले तो वह इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 112 पर भी सूचना दे सकते हैं पुलिस द्वारा उनकी तुरंत मदद की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करके उनको कानून के तहत सख्त सजा दिलवाई जाएगी। इसी के साथ यातायात पुलिसकर्मियों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया। स्कूल प्रशासन तथा बच्चों ने इस जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए ट्रैफिक पुलिस का तहे दिल से धन्यवाद किया।

नए मतदाताओं के लिए वोटर कार्ड बनवाने के लिए कैंप लगाया

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल। आज राजकीय महाविद्यालय नारनौल परिसर में यूथ रेडक्रास और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान से और जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता जी के दिशानिदेर्शों व प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में नये मतदाताओं को वोटर कार्ड बनवाने के लिए "विशेष कैंप" का आयोजन किया गया । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता के अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में नये वोटर आईडी कार्ड बनावाने पर आकर्षक पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे। इस योजना के तहत आगामी 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची में से ड्रा निकाला जाएगा। इस ड्रा में चयनित युवा मतदाताओं को आकर्षक

'अपंजीकृत पात्र वोटर कैंडिडेटों को वोटर लिस्ट से जोड़ने का लिए विशेष कैम्पों का आयोजन'

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। डीसी एव जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम बड़खल अमित मान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र अपंजीकृत व्यक्तियों तथा विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं को आगामी लोकसभा आम चुनाव से पहले मतदाता सूची से जोड़ने के लिए फरीदाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र में विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इन कैंपों में उक्त पात्र अपंजीकृत कैंडिडेटों के वोटर कार्ड बनाए जाएँगे। उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनांक 11 अक्टूबर व 12 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 89 फरीदाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वहां के बीएलओ तथा सुपरवाइजर की अध्यक्षता में कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम बड़खल अमित मान ने सभी अपंजीकृत पात्र कैंडिडेटों विशेष कर युवाओं व महिलाओं से अपील की है कि वे अपने आप को वोटर लिस्ट में पंजीकृत करवाएं तथा अपना वोटर कार्ड जरूर बनवाएं।

इन स्थानों पर किया जाएगा कैम्पों का आयोजन:-

मतदान केंद्र नंबर 1 से 7 के कैंडिडेटों के लिए राजकीय प्राथमिक स्कूल, संत नगर एनआईटी फरीदाबाद, महावीर स्कूल, संत नगर फरीदाबाद तथा मॉडर्न सनशाइन पब्लिक स्कूल, सरपंच कॉलोनी में, मतदान केंद्र नंबर 8 व 9 के कैंडिडेटों के लिए विश्वकर्मा समिति, ए.सी नगर, नीलम बाटा रोड फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 10 से 11 के लिए वैश्य धर्मशाला-23, नीलम बाटा रोड फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 12 से 14 के कैंडिडेटों के लिए पुराना सामुदायिक भवन, नजदीक डिलाइट होटल ए.सी नगर में, मतदान केंद्र नंबर 15 के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाल विद्या निकेतन मिडिल स्कूल, रामनगर में, मतदान केंद्र नंबर 16 के लिए पुराने सामुदायिक भवन नजदीक डिलाइट होटल ए.सी नगर में, मतदान केंद्र नंबर 17 से 18 के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाल विद्या निकेतन मिडिल स्कूल रामनगर में, मतदान केंद्र नंबर 19 से 21 के लिए अपारैल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसलिंग कार्यालय प्लॉट नंबर 21 फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 22 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल मिल हार्ड इंदिरा नगर नजदीक बाटा रेलवे स्टेशन, एनआईटी फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 28 के पात्र कैंडिडेटों के लिए वाईएमसीए इंजीनियरिंग कॉलेज फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 89 व 90 के पात्र कैंडिडेट के लिए सैनी धर्मशाला पुरानी चुंगी के पास फरीदाबाद शहर में, मतदान केंद्र नंबर 147, 148 व 149 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल सेक्टर-15 ए फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 150, 151 व 152 के लिए नए सामुदायिक भवन अजरौंदा में, मतदान केंद्र नंबर 208, 209, 210 व 211 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल प्रेम नगर, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 212, 213, 214, 215, 216, 217 व 218 के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 219 के लिए अनुसूचित जाति चौपाल, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 220, 212, 222, 223 व 224 के लिए कार्मेल कान्वेंट स्कूल सेक्टर-7, सिही फरीदाबाद में कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

'ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन का आगामी 12 अक्टूबर को होगा आयोजन'

मुहिम

8 फरीदाबाद से सेक्टर-12 स्टेडियम फरीदाबाद तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा

फरीदाबाद, 09 अक्टूबर (हरपाल सिंह यादव)। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा दिनांक 12.10.2023 को सुबह 08.00 बजे से सेक्टर 15 मार्केट फरीदाबाद

से सेक्टर-12 स्टेडियम फरीदाबाद तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य "हरियाणा को ड्रग फ्री बनानाह्व है। उन्होंने लोगों से अपील की इस साइक्लोथॉन में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों व कॉलेज से लड़कियों के आलावा पूरे हरियाणा की महिलाएं भी हरियाणा को नशा मुक्त करने में अपना योगदान दें।

पंचकूला पर लंबित मांगों को लेकर प्रस्तावित आक्रोश प्रदर्शन का नोटिस

टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना

महेन्द्रगढ़ । हेमसा खंड महेंद्रगढ़ के प्रधान हवासिंह यादव की अध्यक्षता में बीईओ अलका को निदेशक सेकेंडरी शिक्षा पंचकूला के नाम सौंपा गया। इस अवसर पर हेमसा के प्रदेश सचिव अनिल कुमार व प्रदेश प्रेस सचिव सुजान मालड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षामंत्री एवं उच्च अधिकारियों के साथ हुई बैठक को 18 महीने बीत जाने के बाद भी जिन मांगों पर सहमति बनी थी। उनको अभी तक लागू नही किया है।

जनता से मिले समर्थन से अशोक तंवर हुए गदगद

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)

आम आदमी पार्टी द्वारा परिवार जोड़ो कार्यक्रम के तहत बल्लभगढ़ में रविंद्र फौजदार के संयोजन में आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर मुख्य रूप से शामिल हुए । इस मौके पर युवा नेता गंगाराम तेवतिया अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ रविंद्र फौजदार के संयोजन में पार्टी में शामिल हुए। डॉ अशोक तंवर ने गंगाराम तेवतिया को पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज समाजसेवी व कर्मठ नेता से पार्टी मजबूत होगी ' परिवार जोड़ो पदयात्रा मलेरना रोड पुरानी पुलिस चौकी के सामने से सूबेदार कॉलोनी से होती हुई ऊंचा गांव से शाहपुरा रोड होती हुई ऊंचा गांव के अंदर से ऊंचा गांव रोड प्रेम नगर के समक्ष आदर्श नगर में एक सभा के रूप में समाप्त हुई । पद यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में हर गली मोहल्ले पर स्थानीय लोगों और महिलाओं ने फूल मालाओं से डॉ अशोक तंवर और रविंद्र फौजदार का सम्मान और समर्थन किया और साथ में चलते गए । पदयात्रा में आम आदमी पार्टी व रविंद्र फौजदार के समर्थन में सैकड़ो कार्यकर्ता नारे लगाते हुए में चल रहे थे पूरा माहौल एक तरफ सा नजर आ रहा था लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें हिस्सा लिया और अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया । इस प्रकार यह बहुत ही शानदार कार्यक्रम रहा । कार्यक्रम के समापन पर हुई सभा में डॉक्टर अशोक तंवर ने कहा देश और प्रदेश में आज के दौर में भ्रष्टाचार व महंगाई से जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं हो रही । आज आम आदमी परेशान है इसलिए आम आदमी आम आदमी पार्टी के समर्थन में उतर आया है आम आदमी पार्टी ही आम आदमी के हित के कार्य कर रही है आने वाली सरकार आम आदमी पार्टी की होगी । इस दौरान कार्यक्रम में पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना, प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ राघव, लोकसभा उपाध्यक्ष भीम सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, गंगाराम तेवतिया, रोहतास फोगाट सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)

डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए भूपानी थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर महेंद्र पाठक की टीम ने छोटे बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उनमें कॉपी पेन वितरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना भूपानी प्रभारी महेंद्र पाठक ने आज सरकारी प्राथमिक विद्यालय ग्राम रिवाजपुर में हेड मास्टर कृष्ण कुमार और सहायक हेड मास्टर जितेंद्र की उपस्थिति में छोटे-छोटे बच्चों को कॉपी, किताब व पेन पेंसिल वितरण करते हुए बच्चों करते हुए

शिक्षा का महत्व समझाया। गांव रिवाजपुर में आयोजित किए गए। इस मौके पर थाना भूपानी की पुलिस टीम द्वारा बच्चों को सभी पढ़ने लिखने की सामग्री वितरित की गई जिसमें जिसमें 250 नोटबुक, पेन तथा पेंसिल शामिल थी। सब पढ़े सब का नारा को आगे बढ़ाते हुए प्रबंधक थाना महेंद्र पाठक ने कहा कि जब अंग्रेज भारत आए थे तब भारत की साक्षरता दर करीब 16 प्रतिशत थी और वर्ष 1947 में जब अंग्रेज भारत को छोड़कर गए तो भारत की साक्षरता दर मात्र 12% रह चुकी थी जो अब बढ़कर 77% हो चुकी है। जिसको 100% तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उनका मानना है कि यदि किसी देश को कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचना हो तो शिक्षा ही उसका मूलभूत आधार है इसलिए उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षित किया जाए ताकि वह भविष्य में देश की सेवा करके देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी बच्चे के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण हथियार है जिसके बलबूते वह दुनिया की किसी भी मुसीबत का सामना करके उस उसे आसानी से हल कर सकता है इसलिए आवश्यक है कि हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचे और वह देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

गरीबों को उजाड़ने का काम कर रही है भाजपा सरकार : बलजीत कौशिक

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं का सम्मेलन सेक्टर-10 स्थित पुष्प वाटिका में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक द्वारा की गई। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है, पिछले नौ सालों में इस सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया बल्कि गरीबों को उजाडने का काम किया है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि फरीदाबाद की बात की जाए और यह विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है, यहां न केवल लोग बिजली, पानी, सडकें व सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं की मार झेल रहे है बल्कि टूटी सडकों के चलते परेशान है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर इस सरकार ने केवल जनता के खून पसीने की कमाई को हड़पने का काम किया है, लेकिन अब जनता इस जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुकी है और जनता को इंतजार है तो सिर्फ चुनावों का। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा में भेजा तो वह लोगों को विश्वास दिलाते है कि वह विकास के मामले में इस विधानसभा को हरियाणा की सबसे आदर्श विधानसभा बनाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। बलजीत कौशिक ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचे लोगों की तादाद ने यह साबित कर दिया कि जनता

परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की ओर जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही है क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्गो का उत्थान कर सकती है। श्री कौशिक ने कहा कि आज फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है, यहां विकास के नाम पर टूटी सडकें, सडकों पर भरा सीवरेज का गंदा पानी और बुनियादी सुविधाओं की कमी नजर आती है, जनता भाजपा को सत्ता सौंप अपने आपको ठगा का महसूस कर रही है। इस मौके पर विचार विभाग कांग्रेस के चेयमरैन विनोद कौशिक ने कहा कि आने वाला समय हरियाणा सहित देश में कांग्रेस का है और कांग्रेस की सरकार बनने पर समूचे फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करवाया जाएगा।

इस अवसर पर विनोद कौशिक अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (विचार विभाग), डा सौरभ शर्मा वाईस प्रसीडेंट एआईसीसी, सुनीता फागना जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी, अश्विनी कौशिक, सुजाता यादव प्रधान आरडब्ल्यूए सेक्टर 10, बाबूलाल रवि, कुंवरपाल मलिक, पंडित मोतीराम शर्मा, देव शर्मा, मानसिंह मान, महेश चंद, हितेश शर्मा, देवेंद्र दीक्षित, डी एस रावत, ओमी यादव, मुकेश यादव एडवोकेट, अनुज शर्मा एडवोकेट, राममेहर गोयल, राजा सैनी, पिंटू सैनी, देबू कौशिक, जवाहर ठाकुर, राजीव शर्मा, मेहरचंद पराशर, महेन्द्र यादव, शिवराम पाराशर, रोहित सैनी, ओ पी सैनी, हैप्पी सिंह, सुनील पाराशर, दानिश अली, मुख्तयार जुल्फिकार मलिक, विक्रम पोसवाल, महेश बैंसला, पवन चांद, दुर्गा प्रसाद, आबिद, पम्मी मान, लाडो देवी, सरला भामोत्रा, प्रीतम प्रधान, सोनू, रामकुमार, राजबीर चौहान चेयरमैन, गुलशन सेठी, तरुण खरबंदा, रमेश सरपंच, बिल्लू प्रधान, विकास फागना, रंधावा फागना, अर्जुन सैनी, बलबीर बघेल, राजेश शर्मा, अर्जुन तंवर, रूपेश, जयदत्त, रामबीर, हरिलाल गुप्ता, ओपी भारद्वाज, संदीप पाराशर, जतिन कौशिक, डा सोनू ठाकुर, दीपक पांचाल, वीरेंद्र शर्मा, प्रताप सिंह बामल, अजय बहल, जयभगवान भारद्वाज, अरविंद शर्मा, नरेन्द्र दर्शन बिग बॉस, मुकेश शर्मा, दीपक, मास्टरपाल एन दहिया, ओम शर्मा, राजपाल दहिया, चौ नरवीर मनोज, ललिजत, पिंटू गोयल, चंदर जैन, पवन गोयल, जितेंद्र गर्ग, योगेश मित्तल, नरेश शर्मा, ओपी भारद्वाज, शीतल भारद्वाज, जयभगवान मित्तल, चौधरी प्यारेलाल, सुभाष, प्रवीन अरोडा, प्रवीन अरोड़ा, राजकली तेवतिया, छत्तर खान, महेश चंद गोयल, ज्ञान प्रकाश शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

आंदोलनकारियों के आरक्षण बिल को लेकर बैठक स्थगित

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
राज्य आंदोलनकारियों के आरक्षण बिल को लेकर सोमवार को आयोजित प्रवर समिति की बैठक में विपक्ष के विधायक नहीं पहुंचे। इसके चलते प्रवर समिति के अध्यक्ष संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बैठक को स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के आरक्षण का फैसला हम मिलकर लेना चाहते हैं। इसलिए विपक्ष का बैठक में होना जरूरी था। विधायक नहीं आए इसलिए अब बैठक बाद में आयोजित होगी। बता दें कि विधानसभा सत्र के दौरान राज्य आंदोनलकारियों का आरक्षण बिल पेश किया गया था। लेकिन कुछ संशोधन होने के चलते बिल को सर्वसम्मति से प्रवर समिति को भेज दिया गया था। पिछली बैठक में प्रवर समिति ने राज्य आंदोलनकारी आरक्षण विधेयक में आश्रितों की श्रेणी में तलाकशुदा और परित्यक्ता बेटियों को भी शामिल करने का सुझाव दिया था। साथ ही राज्य सरकार की सभी भर्ती परीक्षाओं में राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की हिमायत की थी। बिल में ये प्रमुख संशोधन प्रस्तावित
1. आंदोलन के घायलों व सात दिन अथवा इससे अधिक अवधि तक जेल में रहे आंदोलनकारियों की जगह चिन्हित राज्य आंदोलनकारी होना चाहिए
2. आंदोलनकारियों को लोक सेवा आयोग वाले समूह ग के पदों पर भी सीधी भर्ती में आयु सीमा और चयन प्रक्रिया में एक साल की छूट मिले।
3. लोकसेवा आयोग की सीधी भर्ती में राज्य महिला क्षैतिज आरक्षण की तरह 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा।

रोजाना नौ महिलाएं हो रही यौन शोषण का शिकार: सुधा

टीम एक्शन इंडिया:
नारनौल। हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने कहा है कि प्रदेश की मौजूदा सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में बुरी तरह से असफल साबित हुई है। प्रदेश में आए दिन नौ महिलाओं अथवा लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं।
सुधा भारद्वाज आज यहां जिला महिला कांग्रेस द्वारा महिला उत्पीडन. की घटनाओं के विरोध में आयोजित रोष मार्च से पहले स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह परिसर में महिलाओं को संबोधित कर रही थी।
महिला कांग्रेस ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के निकट से शुरू होकर लघु सचिवालय तक रोष मार्च किया।

'कृषि-खाद्य प्रणालियों को न्यायसंगत बनाना होगा'

'यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएग'

आह्वान

8 सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि ग्रह और मानव जाति की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित 'अनुसंधान से प्रभाव तकः न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषयक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लैंगिक न्याय की बात आती है, तो सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को महामारी के वर्षों में नौकरी का अधिक नुकसान हुआ, जिससे प्रवासन शुरू हुआ। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमने देखा है कि महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। वे कृषि संरचना के सबसे निचले पिरामिड का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के अवसर से वंचित किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि दुनिया भर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों और सामाजिक नेटवर्क में रोका जाता है।
उनके योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त होने के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अस्तित्व गत खतरा है और हमें अभी तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन बाधित हो रहा है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि का कारण बन रहा है।
उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियाँ एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस "चक्रव्यूह" को तोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

'कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी

राष्ट्रपति ने कहा कि हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों को कैसे बदला जाए, इसकी एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी चाहिए ताकि वे सभी के लिए पौष्टिक और स्वस्थ आहार को अधिक सुलभ, उपलब्ध और किफायती बनाने के लिए व्यवधानों का सामना कर सकें और उन्हें अधिक न्यायसंगत, न्यायसंगत और टिकाऊ होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले चार दिनों के दौरान सम्मेलन सभी मुद्दों पर विचार करेगा और कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कृषि विकसा मेले में ढोल बजाते हुए।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः टेली-मानस का लॉन्च होगा लोगो

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया टेली- मानस का लोगो लॉन्च करेंगे और नॅशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस (निम्हंस) में नई सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। डीआरडीओ सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री प्लेटिनम जुबली ऑडिटोरियम, शैक्षणिक सुविधा, निम्हंस में नया प्रशासनिक कार्यालय परिसर, मस्तिष्क और दिमाग के केंद्र की भी शुरूआत करेंगे। इस मौके पर डॉ. मनसुख मांडविया टेली-मानस सेवा में सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को भी सम्मानित करेंगे।
क्या है टेली-मानस सेवाः टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग एक्रॉस स्टेट्स (टेली-मानस) एक हेल्पलाइन सेवा है, जिसके माध्यम से केन्द्र सरकार पूरे देश में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही है।

भदोही में भय-आतंक का माहौल खत्म कियाः सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया/भदोही
यूपी के भदोही जिले में सीएम योगी ने बहुप्रतिक्षित अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला इंडिया कार्पेट एक्सपो का आज शुभारंभ किया। भारतीय कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) ने अनौपचारिक रूप से रविवार को कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटकर कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान बोले, सभी कालीन उद्यमियों की समस्याओं का समाधान होगा। सभी के साथ बैठकर बात होगी। सीएम बोले, पहले भदोही में भय और आतंक का माहौल था आज अंतरराष्ट्रीय मेला लग रहा है। प्रदेश में हुनर को मंच देने का कार्य हो रहा है। भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी का क्षेत्र वस्त्र उद्योग का हब है, पहले भी उनमें हुनर था, लेकिन मंच नहीं मिल रहा था। कारीगरों को टेक्नोलाजी से जोड़ने के साथ मंच देने की आवश्यकता है। हमारी सरकार बोलती कम और काम ज्यादा करती है। लगभग बीस मिनट के संबोधन में सीएम योगी ने कौशल और टेक्नोलॉजी के समन्वय पर जोर दिया। बोले,हमारी सरकार हुनर को सही मंच दे रही है।
एक महीने में दो अंतरराष्ट्रीय फेयर का आयोजन कर प्रदेश में ओडीओपी की संभावनाओं को बढ़ाने के साथ ही पीएम मोदी के मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे हैं।

सीएम धामी ने लांच किया रोजगार प्रयाग पोर्टल

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
देहरादून में आयोजित उत्तराखंड युवा महोत्सव में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 10 हजार से भी अधिक युवाशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखंड एप को लांच किया। साथ ही सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक

खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा भी मौजूद रहे। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि के युवा न केवल प्रतिभा संपन्न एवं सामर्थ्यवान हैं, बल्कि मेहनती भी हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारे प्रदेश की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। देश और राज्य का भविष्य युवाओं की शक्ति पर निर्भर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की युवा शक्ति को रोजगार के सुअवसर मुहैया कराने में युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम मील के पत्थर साबित होंगे।

घोर जातिवादी पार्टी है भाजपाः अखिलेश

टीम एक्शन इंडिया/मैनपुरी
उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में सोमवार को पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। इस पर उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि भाजपा सबसे घोर जातिवादी पार्टी है। देवरिया की घटना में भी भाजपा जातिगत लाभ लेना चाहती है। कहा कि बिहार में जातीय सर्वे का काम पूरा हो गया है। अब देशभर में जातीय सर्वे होना चाहिए। कहा कि भाजपा में शामिल पीडीए के लोग भी जातिगत गणना के पक्ष में हैं।

बीती 28 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बरनाहल के डालूपुर गांव के तीन लोगों की मौत हो गई थी। सपा मुखिया शोक संतृप्त परिजन से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने मृतक विजेंद्र कुमार, अतुल कुमार और आर्यन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके परिजन से मुलाकात की। उन्हें पार्टी की ओर से एक-एक लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक मदद भी की। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग का जब मार्कंडेय कुंड में काम चल रहा था तो बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया।

'स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराना आयोग के सामने बड़ी चुनौती'

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वागत किया है पर ये भी कहा कि धनबल और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग रोककर निष्पक्ष चुनाव कराना आयोग की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बसपा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थानीय दलों से समझौता कर चुनाव लड़ी है जबकि राजस्थान व तेलंगाना में अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

बाढ़ का डर

कटाव होने से खेती लायक जमीनें नदी की धारा में विलीन होती जा रही

बागमती नदी के उफनाने से शुरू हुआ कटाव

टीम एक्शन इंडिया/शिवहर
बिहार के शिवहर जिले के बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही नदी के दोनों किनारे पर कटाव होने लगा है। कटाव होने से खेती लायक जमीनें नदी की धारा में विलीन होती जा रही हैं। कटाव से रोपी गई धान की फसल सहित अन्य पेड़-पौधे नदी में समाते जा रहे हैं। दरअसल, बागमती नदी के बेलवा घाट से लेकर डुब्बा घाट तक दोनों बागमती तटबंध के अंदर नदी किनारों पर कटाव हो रहा है। खासकर बागमती पुल के पूर्वी दक्षिणी भाग में पिपराही, रतनपुर और उकनी गांव के सीमा क्षेत्र में नदी किनारों पर कटाव

तेज हो गया है। इसके अलावा इंद्रवा, दोस्तिया, माधोपुर, पिपराही, रतनपुर, उकनी, मझौरा सहित कई गांवों की खेती लायक जमीनें कटाव से बर्बाद होती जा रही हैं।
ये फसलें हो रही बर्बादः धान की रोपी गई पौध के अलावा केले के पौधे, बांस, शीशम और सेमल के पेड़ देखते ही देखते कटाव से नदी की धारा में विलीन होते जा रहे हैं। कई किसान कटाव से धान की फसल को बर्बाद होता देख पौधों को काटकर मवेशियों के चारा के लिए काटकर ले जा रहे हैं। वहीं, लोगों के सामने ही हजारों रुपये के मूल्य के शीशम और सेमल के पेड़ कटाव से नदी की तेज धारा में बह जा रहे हैं। कटाव से नदी की धारा की चौड़ाई बढ़ती जा रही है। विगत वर्ष नदी उत्तरी भाग में बह रही थी। अब कटाव होने से किसानों की जमीन से होकर बह रही है। इस साल कटाव से दर्जनों किसानों का लाखों का नुकसान हो गया है।
स्टेट हाइवे अभी भी बंदः विदित हो कि कुछ जगहों पर नदी के पूर्वी और उत्तरी किनारों पर कटाव हो रहा है। तो कुछ जगहों पर पश्चिमी और दक्षिणी किनारों पर कटाव हो रहा है। बागमती नदी के पिपराही घाट पर बने पुल के पास उत्तरी भाग में भी तेजी से कटाव हो रहा है।